दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 337 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर | शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष चतुर्थी संवत् - 2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


### 1 लाख घूस लेते पकड़ा, एसीबी की टीम को देख खाली प्लॉट में फेंक दिए रुपए

# एसएमएस अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग का एचओडी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश के सबसे बड़े सवाई मानसिंह अस्पताल में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी ने न्यूरो सर्जरी विभाग के एचओडी और एमेडिकल कॉलेज के एडिशनल प्रिंसिपल डॉक्टर मनीष अग्रवाल को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम जब कार्रवाई करने पहुंची तो डॉ. मनीष के कर्मचारी जगत ने रिश्वत की रकम घर के पास एक खाली प्लॉट में फेंक दी थी। पुलिस ने डॉक्टर के कर्मचारी जगत को भी गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने रिश्वत की रकम को प्लॉट से बरामद कर लिया।

SMS हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर के जिस आईसीयू में 5 अक्टूबर की देर रात को आग लगी थी, वो डॉक्टर मनीष अग्रवाल के ही अंडर में है। इस हादसे में 3 महिलाओं समेत 8 मरीजों की जान चली गई थी। बिलों पर काउंटर सिग्नेचर की एवज में मांगी रिश्वत एसीबी के एडिशनल एसपी संदीप सारस्वत ने बताया- एक व्यक्ति ने बुधवार को शिकायत दर्ज कराई थी कि पिछले 3 महीनों से उसके बिल पास नहीं हो रहे हैं। उसका न्यूरो सर्जरी में काम आने वाले ब्रेन कॉइल की सप्लाई का काम है।




कंपनी को 2 साल का टेंडर दिया गया था। मरीजों की जरूरत के अनुसार कंपनी से सामान मंगवाया जाता था। डॉ. मनीष अग्रवाल बिल पास करने के लिए 1 लाख रुपए की मांग कर रहे थे। जब कंपनी का प्रतिनिधि बिल लेकर डॉ. मनीष अग्रवाल के ऑफिस पहुंचा, तो डॉ. मनीष ने बिल फेंक दिए और कहा- ये बिल अभी पास नहीं होंगे। डॉ. मनीष ने कर्मचारी से यह भी कहा कि वह उनसे पर्सनली आकर मिले। गुरुवार शाम को डॉ. मनीष अग्रवाल ने शिकायतकर्ता को मिलने के लिए घर बुलाया था। यहां एसीबी की टीम ने डॉ. मनीष अग्रवाल को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।



### ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के प्रभारी भी हैं डॉ. मनीष

डॉ. मनीष शर्मा ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के प्रभारी के रूप में भी कार्यरत है। डॉ. अग्रवाल SMS मेडिकल कॉलेज में स्टोर का महत्वपूर्ण वित्तीय काम भी देख रहे हैं। कॉलेज और उससे जुड़े सभी अस्पतालों की बड़ी खरीद के निर्णय लेने में उनकी अहम भूमिका है।विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने बड़ी मेहनत से एक स्वास्थ्य मॉडल विकसित किया था। यह बेहद शर्मनाक है कि भाजपा सरकार ने राजस्थान के स्वास्थ्य क्षेत्र को बर्बाद कर दिया है और इसकी साख को चोट पहुंचाई है।

## जयपुर में रेलवे-NHAI के ठेकेदारों के ठिकानों पर रेड



**जयपुर।** रेलवे और एनएचएआई (नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया) के ठेकेदारों के ठिकानों पर आज सुबह आईटी (आयकर विभाग) ने छापेमारी की है। जयपुर के श्यामनगर स्थित ठिकाने सुबह 5 बजे आईटी की टीम पहुंची। राजस्थान आयकर जांच शाखा की टीम भी इस अभियान में सुबह से जुटी हुई है। आईटी (आयकर विभाग) की टीम जयपुर, उदयपुर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुड़गांव, मध्य प्रदेश और गुजरात सहित कुल 40 जगहों पर रेलवे व एनएचएआई रोड ठेकेदारों के दफ्तरों और घरों पर तलाशी ले रही है। जयपुर के श्यामनगर इलाके में स्थित ग्लोबल बिल्डस्टेट के कार्यालय को इस कार्रवाई का मुख्य केंद्र बताया जा रहा है। टीम ने ग्लोबल बिल्डस्टेट से जुड़े लगभग 10 सब-ठेकेदारों के ठिकानों पर भी टीमें भेजकर जांच शुरू कर दी है। ठेका कंपनी का सालाना टर्नओवर करीब 8 हजार करोड़ रुपए का है। कंपनी के दफ्तर पर सुबह आयकर की रेड के बाद टीम ने उसके घर, दफ्तर और आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। जानकारों के अनुसार, यह रोड ठेकेदार कंपनी शेयर बाजार में लिस्टेड भी है। इसके अलावा, जीआर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स, राजीव कुमार विजय, विकास गर्ग, पेस इंफ्रा टेक और डिसेंट कॉन्ट्रेक्टर के ठिकानों पर भी पुलिस और जांच टीमें लगातार सर्च कर रही हैं।

### पीएम मोदी और कीर स्टारमर में दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री, एक ही कार में बैठ दिखे दोनों नेता

# भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता यथाशीघ्र लागू हो- स्टारमर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर भारत यात्रा पर हैं, इस दौरान उन्होंने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी देखने को मिली। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर ब्रिटिश पीएम के साथ एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें दोनों नेता एक ही कार में सवार हैं। तस्वीर के साथ पीएम मोदी ने लिखा, "भारत-ब्रिटेन की दोस्ती तेजी से आगे बढ़ रही है और बेहद जोश से भरी हुई है! आज सुबह की एक तस्वीर, जब मेरे मित्र प्रधानमंत्री स्टारमर और मैंने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में शामिल लेने के लिए अपनी यात्रा शुरू की थी।"




### पीएम मोदी ने शेयर की स्टारमरम के साथ तस्वीर

पीएम मोदी ने जो तस्वीर शेयर की है, वह मुंबई में ग्लोबल फिनटेक 2025 शामिल होने से पहले ली गई तस्वीर है। जुलाई 2024 में पदभार ग्रहण करने के बाद से स्टारमर की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा है। ब्रिटिश पीएम स्टारमर बुधवार को मुंबई पहुंचे और भारत में ब्रिटेन के व्यापार मिशन का नेतृत्व किया, जिसमें 100 से ज्यादा व्यापारिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल शामिल थे। स्टारमर ने हाल ही में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के शीघ्र कार्यान्वयन का आग्रह करते हुए कहा कि इसे यथाशीघ्र लागू किया जाना चाहिए।

### भारत एक उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति- स्टारमर

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने गुरुवार को कहा कि भारत एक उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र 2028 तक तीसरा सबसे बड़ा लोकतंत्र बनने की राह पर है। कीर स्टारमर ने कहा, "यूनाइटेड किंगडम इस यात्रा में भागीदार बनने के लिए पूरी तरह तैयार है।"

### रूस-यूक्रेन संघर्ष पर दोनों नेताओं में हुई चर्चा

रूस-यूक्रेन संघर्ष पर स्टारमर ने कहा, हमने इस पर चर्चा की और विशेष रूप से उस परिणाम पर विचार किया जो हम दोनों चाहते हैं। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी और मैंने इस संघर्ष को समाप्त करने और इसके लिए उठाए जा सकने वाले विभिन्न कदमों पर ध्यान केंद्रित किया, और यह एक व्यापक चर्चा थी। हमने ऊर्जा के संबंध में उठाए जा

### भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता

ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में, उन्होंने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को "भारत का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी व्यापार समझौता" बताया। मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत जनवरी 2022 में शुरू हुई थी। दोनों देशों ने जुलाई 2025 में भारत-यूनाइटेड किंगडम व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (CETA) पर हस्ताक्षर किए।एक ऐतिहासिक रक्षा समझौते की भी घोषणा की गई, जिसके तहत ब्रिटेन भारत को उत्तरी आयरलैंड में निर्मित लगभग 468 मिलियन डॉलर मूल्य की हल्की बहुउद्देशीय मिसाइलें प्रदान करेगा, ताकि सुरक्षा और रक्षा सहयोग को और मजबूत किया जा सके।

## चांदी में रिकॉर्ड तेजी,एक दिन में 8 हजार रुपए बढ़े

**नई दिल्ली।** दीपावली नजदीक आने के साथ ही सोना-चांदी के दामों में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। खास बात है कि चांदी के दामों में लगातार सोने के भाव से ज्यादा बढ़ोतरी हो रही है। आज चांदी के भाव 8 हजार 200 रुपए बढ़े है। चांदी के भाव 1 लाख 64 हजार रुपए पहुंच गए है। वहीं सोना एक लाख 26 हजार 700 रुपए पहुंच गया है। 6 दिन में सोना 6,800 और चांदी 14,900 रुपए महंगी सर्राफा व्यापारी सुशील जैन ने बताया- पिछले 6 दिनों में चांदी में 14 हजार 900 रुपए प्रति किलो और सोने में 6,800 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। अगले कुछ दिनों में सोना और चांदी दोनों नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। फिलहाल जो लोग मुनाफे में बेच रहे हैं, वे नुकसान उठा सकते हैं क्योंकि आने वाले समय में कीमत और बढ़ने की संभावना है। जैन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका और यूरोप जैसे देशों में भी निवेशक डॉलर की अस्थिरता से बचाव के लिए सोना और चांदी में निवेश बढ़ा रहे हैं, जिससे भारत के सर्राफा बाजार में भी कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है।

### CJI अटैक मामला

# आरोपी वकील की बार एसोसिएशन मेंबरशिप खत्म

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (SCBA) ने गुरुवार को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) बीआर गवई पर हमले की कोशिश करने वाले वकील राकेश किशोर (71) की मेंबरशिप तत्काल प्रभाव से खत्म कर दी। SCBA ने कहा कि वकील का व्यवहार पेशेवर नैतिकता, शिष्टाचार और सुप्रीम कोर्ट की गरिमा का गंभीर उल्लंघन है। वहीं, CJI गवई ने गुरुवार को कहा कि 6 अक्टूबर की घटना से वह और साथी जज बहुत हैरान हुए थे, लेकिन अब वह इसे भूलकर आगे बढ़ चुके हैं। जस्टिस उज्जल भुइयां ने कहा कि इस तरह का हमला सुप्रीम कोर्ट का अपमान है और इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

बेंगलुरु में ऑल इंडिया एडवोकेट एसोसिएशन ने राकेश किशोर के खिलाफ FIR दर्ज करवाई है। बेंगलुरु पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की



धारा 132 और 133 के तहत FIR दर्ज की है। CJI गवई, वकील के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने से इनकार कर चुके हैं। राकेश ने 6 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट के अंदर CJI गवई पर जूता फेंकने की कोशिश की थी। जूता CJI तक नहीं पहुंच सका था। घटना के समय CJI की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। सुरक्षाकर्मियों ने वकील को पकड़कर बाहर किया। इस दौरान उसने नारे लगाए- सनातन का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान।






### केन्द्रीय गृहमंत्री की प्रस्तावित जयपुर यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

# तीन नवीन आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी की तैयारियां परस्पर समन्वय से करें पूरीः मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रस्तावित जयपुर दौरे (13 अक्टूबर) की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को परस्पर समन्वय स्थापित करते हुए संबंधित व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में भारतीय न्याय संहिता—2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम—2023 के लागू होने के बाद आपराधिक न्याय प्रणाली में सकारात्मक बदलाव आया है। 1 जुलाई, 2024 से लागू इन तीन नवीन कानून के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जेईसीसी, सीतापुरा में आयोजित होने वाली छह दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का 13 अक्टूबर को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अपनी तय जिम्मेदारियों के अनुसार काम कर प्रदर्शनी के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करें।

शर्मा ने कहा कि इस अवसर पर केन्द्रीय गृहमंत्री राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत प्राप्त निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग के साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही, प्रदेश के विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म एवं दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी राशि का हस्तान्तरण तथा 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत रजिस्ट्रेशन का शुभारम्भ किया जाएगा। एफ.एस.एल. हेतु वाहनों एवं महिला सुरक्षा सम्बन्धी पेट्रोलिंग की स्कूटियों एवं मोटरसाइकिलों का फ्लैग ऑफ भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन गतिविधियों की तैयारी समय पर पूरी की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 13 अक्टूबर से जयपुर में जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कॉन्फ्रेन्स का आयोजन करने जा रही है। इस दौरान कानून व्यवस्था, भूप्रबंधन, सुशासन, सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की जाएगी। साथ ही, राज्य सरकार के विकास के रोडमैप को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस कॉन्फ्रेन्स के उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय गृहमंत्री भी शामिल होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि कॉन्फ्रेन्स की समुचित तैयारियां सुनिश्चित की जाए ताकि यह कॉन्फ्रेन्स प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाली साबित हो सके। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# नकली मावे के दोषियों को बचाने का प्रयास कर रहे अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई में हाथ लगे नकली मावे के दोषियों का बचाने का आरोप लगाया गया है। इस सम्बंध में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमीत गोदारा को अवगत कराया गया है। वहीं, आपूर्ति मंत्री ने भी तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इस मामले में समुचित कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। मामले के अनुसार दो माह पहले बाहरीघाटा में एक बस में बीकानेर से आया मावा बरामद किया गया था। इस मावे के सैम्पल भरे गए तथा जांच के लिए लैब में भेजा गया। सैम्पल फेल हो जाने के बाद भी दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई नहीं की गई। भाजपा पदाधिकारी महिपाल चारण ने इस सम्बंध में आपूर्ति मंत्री को सिरोही आगमन पर इसकी जानकारी दी।

**अभी तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई :** भाजपा नगर के पूर्व मंडल अध्यक्ष महिपाल चारण ने खाद्य आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा को बताया कि गत 5 अगस्त को बाहरीघाटा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बीकानेर से आया 160 किलो मावा जब्त किया था। जानकारी में सामने आया कि यह मावा सिरोही व जावाल में सप्लाई होना था। सैम्पल रिपोर्ट में यह मावा नकली पाया गया, लेकिन अभी तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई।

**नाम उजागर करने के निर्देश दिए:** इस सम्बंध में खाद्य आपूर्ति मंत्री ने तत्काल ही सीएमएचओ को को फोन किया तथा दोषी व्यक्तियों के नाम जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि यह मावा कहां सप्लाई होना था उनके नाम उजागर किए जाएं।

### कार्रवाई करेंगे

मावे के सैम्पल फेल होने के बाद एडीएम कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन सम्बंधित लोगों ने अपील दायर कर दी थी। उसका फैसला आने के बाद ही आगे की कार्रवाई हो सकेगी।
**– डॉ.दिनेशकुमार खराड़ी,** सीएमएचओ, सिरोही

# राजस्थान में कांग्रेस का नया अभियान: 'वोट चोर-गद्दी छोड़'

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** वोटर अधिकार यात्रा के बाद अब कांग्रेस ने प्रदेश में बड़ा राजनीतिक अभियान छेड़ दिया है। पार्टी ने 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक 'वोट चोर-गद्दी छोड़' अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इस अभियान के तहत कांग्रेस ने पांच लाख हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य रखा है, जिन्हें राष्ट्रपति और चुनाव आयोग को सौंपा जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि मतदाता सूची में गड़बडियों को उजागर करने में राहुल गांधी की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर स्तर पर इस लड़ाई को लड़ेगी ताकि कोई भी नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न हो। शर्मा ने भाजपा और चुनाव आयोग पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि मतदाता सूची में वोट चोरी लोकतंत्र पर सीधा हमला है। भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की मिलीभगत से लोकतांत्रिक मूल्यों को तोड़ा जा रहा है, लेकिन कांग्रेस इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।शर्मा ने कहा कि यह आंदोलन केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए निर्णायक संघर्ष है। शर्मा का कहना है कि जनता अब भाजपा के खिलाफ एक सुर में आवाज उठा रही है और राहुल गांधी के नेतृत्व में अपने वोट के अधिकार की रक्षा के लिए तैयार है।

# करौली में एसटीईएम आधारित 4 दिवसीय केआरपी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशन में आयोजित गणित एवं विज्ञान (एसटीईएम) आधारित किशोर-किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम* तथा सुरक्षित विद्यालय निर्माण विषयक चार दिवसीय केआरपी प्रशिक्षण का आज सफल समापन हुआ। यह प्रशिक्षण *समग्र शिक्षा करौली* के तत्वावधान में रुनझुन गार्डन, करौली में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केशव सिंह नरूका उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में भारतीय संस्कृति में शिक्षक के योगदान और उसकी प्रभावशीलता पर सारगर्भित विचार रखे। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा करौली* सर्वेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता हैं और उन्हें इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को विद्यालयों में लागू कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व नवाचार की दिशा में कार्य करना चाहिए। प्रशिक्षण का संचालन एवं समन्वयन कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र मीना एवं पुखराज मीना द्वारा किया गया।

# फ़सल खराबा के मुआवजे को लेकर जमकर बरसे पूर्व चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के सरवाड़ में गुरुवार को संगठन सर्जन अभियान बैठक केकड़ी विधानसभा के उपखण्ड सरवाड़ स्थित जोधाणा पहले उसमें आयोजित हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय पर्यवेक्षक एवं पूर्व सांसद अशोक कुमार तंवर और पूर्व चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा ने संबोधित किया। और साथ ही सभा मे बैठे लोगो से कांग्रेस के इस संगठन को मजबूत करने की अपील की कांग्रेस के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक अशोक तँर्व ने मीडिया से प्रेस कॉंफ्रेंस करते हुए बताया कि कांग्रेस मे एक संगठन सृजन प्रक्रिया जो शुरू हुई है इसके तहत पूरे भारत में उसका खाखा ( डाटा) तैयार करना जिसमे से पांच सात राज्यों में संगठन का कार्य पूरा हो चुका है बाकी तीन चार राज्यो में अभी संगठन को मजबूत करने प्रक्रिया जारी है। वही दूसरी तरफ पूर्व चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा भी मीडिया से रूबरू होते हुए अवेध बजरी,टूटी सडक़ो और किसानो के मिलने वाले फ़सल खराबा के मुआवजे को लेकर जमकर बरसे। पूर्व सांसद एवं कांग्रेस राष्ट्रीय पर्यवेक्षक अशोक तवर ने यह भी बताया कि 20 तारीख तक को इसी क्षेत्र में है।

ग्रामीणों में उपजा आक्रोश, जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर करेंगे बड़ा आंदोलन

# प्रागपुरा में हमले के 22 दिन बाद भी आरोपी फरार, पुलिस पर उठे सवाल

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (नि.स.)।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र में 17 सितम्बर की रात मेडिकल स्टोर संचालक प्रकाश यादव पर हुए जानलेवा हमले को 22 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक पुलिस इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी है। आरोपी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे पीडि़त परिवार और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।

हमले में गंभीर रूप से घायल हुए प्रकाश यादव के सिर और पीठ पर गहरी चोटें आई थीं, जिनका इलाज अब भी जारी है। पीडि़त परिवार का कहना है कि हमले के बाद पुलिस ने शुरू में सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया, लेकिन घटनाक्रम किसके इशारे पर हुआ इसका खुलासा नहीं हो पाया और न ही मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। प्रकाश यादव ने बताया कि यह हमला किसके इशारे पर हुआ, इसका खुलासा पुलिस को करना चाहिए। अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो दोबारा हमला होने का भय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। यदि जल्द गिरफ्तारी और जांच नहीं हुई, तो वे पुनः बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से साफ कहा है कि अब किसी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 20 सितम्बर को हमले के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और पीडि़त परिवार ने प्रागपुरा थाने पर धरना-प्रदर्शन किया था। उस दौरान तत्कालीन थानाधिकारी किरण सिंह यादव ने दो दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया था, जिस पर धरनार्थियों ने आंदोलन स्थगित कर दिया था। मगर कुछ ही दिनों बाद किरण सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया और उनकी जगह दयाराम ने थाने का कार्यभार संभाला। इस बीच, पीडि़त के थाने आने पर भी सुनवाई नहीं हुई। पुलिस अब सीडीआर रिपोर्ट आने का हवाला देकर पीडि़त को टालती रही। हाल ही में दयाराम के बाद कश्मीर सिंह ने थाने का कार्यभार संभाला, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। गंभीर रूप से घायल प्रकाश यादव ने बताया कि वह न्याय की आस में कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई से भी मिल चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। यादव ने कहा कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो दोबारा हमला होने का भय बना हुआ है। ग्रामीणों और पीडि़त परिवार की चिंताएं बढ़ रही हैं क्योंकि आरोपी अब तक फरार हैं और पुलिस की कार्रवाई शून्य है। देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कब तक और क्या कार्रवाई करता है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग मंत्री की अध्यक्षता में बैठक

# अच्छा है कि सिरोही में 60 हजार लोगों ने स्वेच्छा से लाभ छोड़ा

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही(नि.स.)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग व उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री सुमीत गोदारा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की कि सिरोही जिले में स्वेच्छा से साठ हजार लोगों ने खाद्य सुरक्षा योजना का लेना छोड़ा है। गिवअप अभियान के तहत जिले में 85 नए लाभार्थियों को इस योजना से जोड़ा गया है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र तक लाभ पहुंचाने के लिए खाद्य एवं नागरिक विभाग प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। गिवअप अभियान की अवधि को भी 31 अक्टूबर तक बढ़ाया गया है। इसके तहत खाद्य सुरक्षा के अपात्र लाभार्थियों इसमें खासकर आयकरदाता, राज्य व केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी, चौपहिया वाहन धारकों तथा वार्षिक एक लाख से अधिक आय वाले परिवारों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का लाभ त्याग किया है। आपूर्ति मंत्री ने विभिन्न योजनाओं में कार्यों को लेकर निर्देश दिए।

इस दौरान सांसद लुम्बाराम चौधरी, विधायक समाराम गरासिया, जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, जिला रसद अधिकारी विनोद परमार, गणपतसिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे।

**आठ माह में सात हजार आवेदनों का निस्तारण :** अधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि वर्ष 2022 में खाद्य सुरक्षा के लिए पोर्टल चालू होने पर सिरोही जिले में अभी तक कुल 8664 आवेदनों का निस्तारण किया जा चुका है। वहीं खाद्य सुरक्षा योजना 2025 में 26 जनवरी 2025 से पोर्टल चालू होने पर सिरोही जिले में कुल 6988 आवेदनों का निस्तारण किया जा चुका है।

आशीष- विपुल मेन ऑफ द मैच

# बागोर रॉयल्स, अरावली एवेंजर्स की शानदार जीत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर प्रीमियर लीग के तहत गुरुवार को बागौर रॉयल्स ने सज्जनगढ़ स्ट्राइकर्स को 15 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बागौर रॉयल्स ने निर्धारित ओवर्स में 155 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सज्जनगढ़ स्ट्राइकर्स की पूरी टीम 140 रन पर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच आशीष पाहुजा ने 42 रन की धुंआधार पारी खेली और 3 विकेट लिए। आयोजन सचिव अनिरुद्ध सांखला ने बताया कि इक्विटास बैंक द्वारा प्रायोजित दूसरे मैच में अरावली अवेंजर्स ने महाराणा किंग्स को 7 विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच विपुल मीणा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 11 देकर 2 विकेट लिए। मुख्य अतिथि वंडर सीमेंट क्रिकेट अकादमी की डायरेक्टर रेणुका भारद्वाज ने मैन ऑफ द मैच को सम्मानित किया।

# बायोडीजल पर मंत्री अनभिज्ञ, कलक्टर ने संभाली स्थिति

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग मंत्री सुमीत गोदारा ने यहां जिला परिषद सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत की। साथ ही योजनाओं के प्रचार को लेकर जानकारी दी।

उधर, जिले में अवैध रूप से चल रहे बायोडीजल पम्पों पर कार्रवाई को लेकर जब सवाल पूछे गए तो मंत्री के पास कोई जवाब नहीं था। संभवतया वे इससे अनभिज्ञ ही नजर आए। बायोडीजल मामले में पत्रकारों के सवालों पर जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने स्थिति संभाली। बताया कि जिन पम्पों पर कार्रवाई की थी उनमें से तीन जने कोर्ट से स्टे लेकर आ गए हैं। जिला रसद अधिकारी को सुझाव दिया कि कोर्ट में विभाग की ओर से पैरवी करनी चाहिए, ताकि जो गैर कानूनी रूप से चल रहा है उन पर कार्रवाई हो सके। साथ ही जो पम्प बंद है उनकी भी जांच की जाए, ताकि सही स्थिति का पता चल सके। इस दौरान सांसद लुम्बाराम चौधरी ने भी बायोडीजल पम्प को लेकर एक लिस्ट ऊपर उठाई, लेकिन जिला कलक्टर ने स्थिति भांपते हुए हाथ का इशारा करते हुए कहा कि सर, जो बता रहे हैं वह दूसरे हैं यह तो मैं ले लूंगी इनसे। तब सांसद ने लिस्ट वापस नीचे रख दी।

### सांसद बोले, जालोर में भी ऐसा ही है

बातचीत के दौरान आपूर्ति मंत्री ने जब कहा कि बायोडीजल के मामले में सिरोही हब बन रहा है। तब पास ही बैठे सांसद लुम्बाराम चौधरी ने मुस्कुराते हुए दबे शब्दों में मंत्री को बताया कि जालोर में भी ऐसा ही है। वहां मौजूद जिला महामंत्री गणपतसिंह राठौड़ भी कहां पीछे रहने वाले थे। उन्होंने भी दबे शब्दों में मंत्री को बताया कि जबसे किरोडीलाल मीणा ने यहां रेड की है तब से यह मामला हाईलाइट हुआ है।

# अजमेर में 260 प्रधानाचार्यों को स्कूल ईएलसी प्रशिक्षण दिया

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला परिषद सभागार, अजमेर में स्कूल निर्वाचन साक्षरता क्लब (स्कूल इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब-ईएलसी) से संबंधित अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान अजमेर के प्रोफेसर डॉ राकेश कटारा ने बताया कि ईएलसी गतिविधियों को प्रबल कार्यक्रम, ईको क्लब कार्यक्रम, गार्गी मंच, नो बैग डे , प्रार्थना सभा आदि के साथ ज्यादा से ज्यादा प्रभावशाली तरीके से कैसे संचालित किया जा सके। जिला समन्वयक स्वीप रामविलास जांगिड़ ने बताया कि हर एक मतदाता बिना किसी लोभ, बिना किसी लालच और बिना किसी प्रलोभन के अपना मतदान विवेकपूर्ण तरीके से कर सके इसके लिए ईएलसी की गतिविधियों को आवश्यक रूप से करने के बारे में बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में एस .आई . आर के परिप्रेक्ष्य में लोकतांत्रिक मूल्यों व निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता का प्रसार करना और छात्रों में मतदाता साक्षरता एवं जागरूकता की भावना विकसित करना है।

# डीपीएस, उदयपुर का कराटे में शानदार प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के कराटे खिलाडियों ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 बॉयज वर्ग में प्रथम स्थान तथा अंडर-17 गर्ल्स वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



विद्यालय के कराटे कोच मनीष सालवी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 14 सितंबर से 17 सितंबर 2025 तक आयोजित हुई थी एवं सभी कराटे खिलाडियों ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा व कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न पदों पर अपना कब्जा जमाया। अंडर-19 बॉयज श्रेणी में शिवराज सिंह देवड़ा को स्वर्ण पदक, डाभी रुतुराज सिंह श्याम सिंह, अरविंद परमार व जनक सिंह राठौड़ को रजत पदक, यूवी नेभनानी, कुशाग्र शर्मा, आदित्य बरवार, गर्वित कड़ेला और कनिष्क मिश्रा को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। अंडर 17 गर्ल्स श्रेणी में शांभवी लोकनाथन, वत्सला शर्मा व शनाया जैन को स्वर्ण पदक, दिविषा बापना, अवनी वैष्णव, हृदया तिवारी, काम्या प्रधान व याशिका राजावत को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। इन खिलाडियों में वत्सला शर्मा, शनाया जैन, शिवराज सिंह देवड़ा तथा शांभवी का चयन राज्य स्तर की प्रतिस्पर्धा में हुआ, जिसमें अपनी प्रतिभा व कौशल से वत्सला ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इन खिलाडियों की शानदार उपलब्धि पर प्राचार्य संजय नरवरिया, उप प्राचार्य राजेश धाभाई तथा प्रधानाध्यापिका वरुश्री बनर्जी ने सभी खिलाडियों को व उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

तीन दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन संपन्न

# आशीष मेमोरियल स्कूल के विजेता विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल,करौली में तीन दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन संपन्न हुआ। विज्ञान मेले में विजेता सभी विद्यार्थियों का आज आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिंडौन सिटी में स्वागत एवं सम्मान किया गया।

इस विज्ञान मेले में आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिंडौन सिटी के 18 विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता,सेमिनार प्रतियोगिता एवं मॉडल प्रतियोगिता में भाग लिया।जिला स्तरीय विज्ञान मेले में जिले के अनेक निजी एवं राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।स्थानीय विद्यालय के 11 विद्यार्थियों ने संपूर्ण जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक बार फिर से एएमपीएस का विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया।सेमिनार प्रतियोगिता में ऋषि सिंघल पुत्र साकेत गुप्ता ने प्रथम स्थान एवं क्विज प्रतियोगिता में चेष्ठा सिंघल पुत्री अतुल कुमार सिंघल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इसी तरह मॉडल प्रतियोगिता में सिया जिंदल पुत्री दीपक जिंदल ने सतत कृषि टॉपिक पर प्रथम स्थान,आशी जिंदल पुत्री पंकज जिंदल ने जल संरक्षण टॉपिक पर प्रथम स्थान,आराध्या पुत्री उमाकांत शर्मा ने ग्रीन एनर्जी टॉपिक पर प्रथम स्थान,त्रिशला शर्मा पुत्री डॉ देवकीनन्दन शर्मा ने वेस्ट मैनेजमेंट टॉपिक पर प्रथम स्थान,वंशिता सिंघल पुत्री राजेश कुमार सिंघल ने हेल्थ एंड हाइजीन टॉपिक पर प्रथम स्थान, काव्या धाकड़ पुत्री भूपेंद्र सिंह धाकड़ ने सतत कृषि टॉपिक पर प्रथम स्थान,धैर्य जिंदल पुत्र देवेंद्र जिंदल ने ग्रीन एनर्जी टॉपिक पर प्रथम स्थान,तनिष्क कुमार जैन पुत्र विमल कुमार जैन ने मैथमेटिकल मॉडलिंग टॉपिक पर प्रथम स्थान,अर्णव गुप्ता पुत्र मुकुल गुप्ता ने इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज टॉपिक पर प्रथम स्थान,पीयूष सिंघल पुत्र डॉ मुकेश गुप्ता ने मॉडल फॉर डिसेबल्ड पर्सन टॉपिक पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।



इसी तरह स्थानीय विद्यालय से आरव गोयल पुत्र सोमेश गोयल ने वेस्ट मैनेजमेंट टॉपिक पर द्वितीय स्थान,वीर सिंह शेखावत पुत्र राजेंद्र सिंह शेखावत ने ष्टङ्घस्ह (मॉडल फॉर डिसेबल्ड पर्सन) टॉपिक पर द्वितीय स्थान,एलिन पुत्र हरिओम कुमार जाटव ने हेल्थ एंड हाइजीन टॉपिक पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया

इसी तरह अथर्व जिंदल पुत्र संजय जिंदल ने इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज टॉपिक पर तृतीय स्थान एवं पुलकित शर्मा पुत्र मनोज शर्मा ने मैथमेटिकल मॉडलिंग टॉपिक पर तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रथम स्थान पर रहे स्थानीय विद्यालय के 11 विद्यार्थी नवंबर में होने वाले राज्य स्तरीय विज्ञान मेले में करौली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।इस अवसर पर आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रशासक अशोक शर्मा,पूर्व प्रधानाचार्या विकास शर्मा, प्रधानाचार्य वर्धमान जैन ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी एवं राज्य स्तर पर भी करौली जिले एवम विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर स्थानीय विद्यालय से वेदप्रकाश गौतम,नीरज सोनी,जितेंद्र शर्मा,गिरीश चौहान,देशराज सिंह,शुभम वर्मा,महेश चंद महावर,सुरेंद्र दत्तात्रेय,अक्षय भारद्वाज,लवलेश गुप्ता,अमृता कपूर, शुचि माथुर, अंजू शर्मा, निशा खत्री, रेशु जैन, नीरज गोयल आदि उपस्थित रहे।

### चार दिवसीय फूड फेस्टिवल में स्वाद और परंपरा का अनोखा संगम देखने को मिलेगा, फेस्टिवल की थीम थी मिलिट्री फूड कल्चर

# फूड फेस्टिवल में उमड़ा स्वाद प्रेमियों का उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर के एमआई रोड स्थित होटल गोल्डन ट्यूलिप में चार दिवसीय फूड फेस्टिवल का आगाज गुरुवार को गया है। इस बार चार दिवसीय फूड फेस्टिवल में स्वाद और परंपरा का अनोखा संगम देखने को मिलेगा है। होटल में आयोजित फूड फेस्टिवल में शहरवासियों और पर्यटकों का उत्साह चरम पर है। फेस्टिवल की खास बात यह है कि इसमें 156 प्रकार के व्यंजन शामिल किए गए हैं, जो भारतीय, कॉन्टिनेंटल, चाइनीज और पारंपरिक राजस्थानी स्वाद का अद्भुत मिश्रण प्रस्तुत कर रहे हैं।

होटल गोल्डन ट्यूलिप के जनरल मैनेजर श्याम भारद्वाज ने बताया कि गुरुवार चार दिवसीय



फूड फेस्टिवल का आगाज हो चुका है। जो रविवार तक चलेगा। इस वर्ष फूड फेस्टिवल की थीम मिलिट्री फूड कल्चर पर आधारित है, जिसमें देश के विभिन्न सैन्य अंचलों में प्रचलित व्यंजनों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। हर डिश के साथ उसकी कहानी और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को भी प्रदर्शित किया जा रहा है, जिससे फूड लवर्स को भोजन के साथ-साथ एक सांस्कृतिक अनुभव भी मिल रहा है।

होटल ऑपरेशन मैनेजर दिनेश रावत ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को विविध भारतीय स्वादों से रूबरू कराना और स्थानीय खानपान संस्कृति को बढ़ावा देना है। फेस्टिवल में मिठाई, स्नैक्स, स्ट्रीट फूड, लाइव कुकिंग और डेज़र्ट सेक्शन जैसे अलग-अलग जोन बनाए गए हैं।होटल सैफ जितेन्द्र शेखावत ने बताया कि फूड लवर्स के लिए यह आयोजन किसी पर्व से कम नहीं है। परिवारों और युवाओं ने पारंपरिक व्यंजनों जैसे दाल बाटी चूरमा, गट्टे की सब्जी, राजस्थानी थाली का भरपूर आनंद लिया, वहीं पास्ता, सुशी, और ग्रिल्ड डिशेज़ ने विदेशी स्वाद के चाहने वालों को आकर्षित किया। आगामी फूड फेस्टिवल और भी नए व्यंजनों को जोड़ा जाएगा ताकि आगंतुकों को हर बार नया स्वाद अनुभव हो सके। यह आयोजन न केवल स्वाद का उत्सव है, बल्कि भारत की विविध खाद्य परंपराओं और सांस्कृतिक समृद्धि का भी उत्सव बन गया है।

---

## स्वयं सेविकाओं के द्वारा विद्यालय परिसर में प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान

**रींगस(हनुमान सिंह बुरानियां)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रींगस (सीकर) की एनएसएस+ 2 स्तर की स्वयं सेविकाओं के द्वारा विद्यालय परिसर में प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्?घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्य निर्मल भान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रभारी अनिता कुमारी मीणा (उपप्राचार्य) के द्वारा स्वयं सेविकाओं को स्वच्छता से सम्बन्धित जानकारी दी गयी। स्वयं-सेविकाओ ने विद्यालय परिसर में साफ सफाई की एवं पेड़-पौधो में पानी डाला। हेज कटाई की । उसके बाद नैतिक शिक्षा पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ । शिविर में रचनात्मक कार्य एवं श्रमदान कार्य हुआ। इस अवसर पर नीलम खेदड़, उर्मिला ढाका, सुलोचना भीणा, रेनु यादव, सुधीर धायल, मनोहर लाल गुर्जर, डॉ राजकुमार मीणा सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## तैराकी प्रतियोगिता में आर्यन स्कूल सिरमौर



बढ़ता राजस्थान

रींगस(हनुमान सिंह बुरानियां)। रींगस कस्बे के आर्यन मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने अंडर 14 और अंडर 19 तैराकी प्रतियोगिता में सीकर जिले को विजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या मल्लिका खत्री ने बताया कि जोधपुर में आयोजित अंडर 14 तैराकी प्रतियोगिता में विद्यालय के अमन सामोता ने 100 और 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में गोल्ड जबकि 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में सिल्वर मेडल जीता वही मोहित ने 200 मीटर बैक स्ट्रोक में गोल्ड,50 और 100 मीटर बैक स्ट्रोक में सिल्वर जीता और मनोज, मोहित और अमन सामोता ने 4&100 मीटर टीम रिले में गोल्ड मेडल जीता और सीकर जिले को विजेता बनाया। दूसरी और केशवानंद स्कूल भढाढर में आयोजित अंडर 19 तैराकी प्रतियोगिता में विद्यालय की साक्षी सामोता 50,100 और 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक की व्यक्तिगत स्पर्धा में तीन गोल्ड मेडल जीते और साथ ही प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ तैराक का खिताब जीता। तैराकी के साथ झुंझुनूं में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भी विद्यालय ने एक सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। विद्यालय के लवेश कुमावत ने 40 किग्रा भार वर्ग कैटेगरी में सिल्वर जीता और नेशनल ट्रायल के लिए चयनित हुआ वही शुभम कुमावत ने 50 किग्रा भार वर्ग कैटेगरी में ब्रॉन्ज, आयुष पाण्डे ने 62 किग्रा भार वर्ग कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस तरह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आर्यन स्कूल के विद्यार्थियों ने कुल 7 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर परिवार, विद्यालय और कस्बे का नाम राज्य मानचित्र पर रोशन किया। विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर संस्था संरक्षक उदय भान धींगरा और प्रधानाचार्या मल्लिका खत्री के नेतृत्व में सम्मानित किया गया।

## क्रिकेट में जिला स्तर पर छठी बार मोरीजा चेम्पियन



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** ग्राम पंचायत मोरीजा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 69 वी जिलास्तरीय क्रिकेट 19 वर्ष में विजेता रही टीम का विद्यालय पहुंचने पर खिलाडियों का स्वागत व सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य प्रकाश मानावत ने विजेता टीम को बधाई दी । उप प्रधानाचार्य मुकेश मीणा हाटवाल ने बताया की शारीरिक शिक्षक विक्रम मीणा को माला पहनाकर व साफा बंधवाकर व विजेता खिलाडियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक विक्रम मीणा ने बताया कि 69वीं जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जमवारामगढ़ ब्लॉक के जानकी स्कूल नटाटा में हुआ जिसमें मोरीजा विद्यालय ने 19 वर्ष क्रिकेट का फाइनल जीत के साथ लगातार 6वी बार जिला स्तर पर विजेता बना। जिसमें से चार छात्र खिलाडियों का चयन राज्यस्तर पर हुआ।संयम जैन, राजू शर्मा, हर्ष स्वामी, दक्ष का चयन राज्य स्तर पर हुआ । चयनित खिलाड़ी यहां से जयपुर 2 द्वितीय का प्रतिनिधित्व करने के लिए परबतसर जिला कुचामन डीडवाना जायेंगे। विद्यालय परिवार ने राज्य स्तर पर चयनित खिलाडियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी कि वह जिले व ग्राम पंचायत का राज्य स्तर पर भी नाम रोशन करें। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य मनफूली देवी, उप प्रधानाचार्य भुवनेश कुमार, व्याख्याता निधि कावत, तरुणा यादव, शंभु दयाल शर्मा, सांवरमल शेरावत,रवि चौधरी ,मुकेश जाट ,कमला मीणा,निर्मल कंवर,प्रेम शर्मा, सुनीता प्रभाकर,विजय सिंह,रोहिताश कुलदीप अंशु शर्मा त्रिलोक शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

---

### मुकेश की अमर धुनों पर थिरकागा अजमेर

# नॉनस्टॉप गूंजेंगे मुकेश के सदाबहार 100 चुनिंदा गीत

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम युग के प्रतीक मुकेश चंद माथुर को अजमेर में एक भव्य श्रद्धांजलि दी जाएगी । आज के गीत कुछ ही वर्षों में भुला दिए जाते हैं जबकि पुराने गायको के गीत 85 वर्षों के बाद भी सभी पीढ़ी के लोग गुनगुनाते हैं। मुकेश के गीतों को आज की युवा पीढ़ी तक पहचाने और उनके गाए कालजई गीतों को को अमर अमिट रखने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम भारत की कला और संस्कृति को जीवंत रखने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम जिसमें उनके 100



बेहतरीन गीतों को 100 कलाकारों द्वारा नॉनस्टॉप बिना लाभ हानि के आयोजित किया जा रहा है, इसमें प्रवेश निशुल्क है। इस कार्यक्रम को फेसबुक, यूट्यूब एवं मीडिया साधनों से संपूर्ण विश्व में लाइव प्रसारित किया जाएगा। क्योंकि यह एक स्वरांजलि के रूप में कार्यक्रम है अतः कोई मुख्य अतिथि आदि की औपचारिकता नहीं रखी गई है, जनता जनार्दन ही मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों का चयन ऑडिशन के बाद किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर संपूर्ण अजमेर संभाग में भारी उत्साह का वातावरण है। 100 गायको के चयन के बाद भी अनेक स्थानों से गाने का अवसर प्राप्त करने के लिए आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। अजमेर संभाग के म्यूजिक लवर के लिए यह कार्यक्रम एक वरदान है जिसमें उभरते और स्थापित कलाकारों को एक बड़ा मंच मिलेगा और उनकी गायकी विश्व भर में सुनी जायगी। इस अवसर पर सुरेंदर माथुर, मुकुल कपूर, जे. के माथुर, सिद्धार्थ माथुर मौजूद थे।

## संतरा को 50 वर्षों बाद मिला भूखण्ड का पट्टा तो छलके खुशी के आसू

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार चल रहे सेवा पर्व पखवाडा अन्तर्गत ग्राम पंचायत काचरोदा में ग्रामीण सेवा शिविर-2025 का आयोजन किया गया जिसमें संतरा पत्नी रामनारायण रैगर निवासी रैगर बस्ती, काचरोदा ने शिविर प्रभारी सृष्टि जैन तहसीलदार फुलेरा व सह प्रभारी महावीर सिंह राठौड अतिरिक्त विकास अधिकारी सांभरलेक के समक्ष उपस्थित होकर अवगत कराया कि वह ग्राम पंचायत काचरोदा में पिछले 50 वर्षों से आबादी भूमि में निवासरत है। लेकिन पट्टा नही है, पट्टा बनाने के लिए वह करीब 20 वर्षों से ग्राम पंचायत में सभी सरपंचों के पास



जाकर प्रयास कर चुकी है। लेकिन पट्टे में उसके परिजन व पडोसियों की गैर वाजिब आपत्ति थी जिस कारण उसे पट्टा नही मिल पा रहा था। शिविर के दौरान शिविर प्रभारी व सह प्रभारी ने उसकी पत्रावली का अवलोकन कर आपत्ति कर्ताओं को सुना व आपत्ति कर्ताओं को समझाइश कर आपति का निस्तारण कर ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार कुमावत व सरपंच श्रीमती पुष्पा कुमावत को निर्देश दिये कि इनके प्रकरण में तत्काल कार्यवाही करे। इस पर शिविर के दौरान ही पट्टा तैयार कर शिविर में ही श्रीमती संतरा पत्नी रामनारायण रैगर को पट्टा समरोह पूर्वक सुपूर्द किया तो उसकी ऑखों से खुशी के आसू छलक आए। अब उसे घर बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंक ऋण आदि का लाभ मिल सकेगा।

## एटीएम चोरी कर पैसा निकालने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**जयपुर (का.स.)।** सांगानेर थाना पुलिस ने एटीएम चोरी कर पैसा निकालने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस टीम ने कई एटीएम कार्ड और नकदी बरामद की है। पकड़े गए आरोपित एटीएम के आसपास रहते। जो लोग एटीएम का उपयोग सही नहीं कर पाते उन की मदद करने के बहाने एटीएम लेकर उन्हें दूसरा एटीएम कार्ड देकर पैसा निकाल लिया करते थे। थानाधिकारी लिखमाराम ने बताया कि एटीएम चोरी कर पैसा निकालने वाले मनोज कुमार (41) निवासी गोवर्धन जिला मथुरा (उत्तर प्रदेश) और कृष्ण कुमार शर्मा (40) निवासी डीग जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से कई एटीएम कार्ड और नगदी जब्त की है। गौरतलब है कि एटीएम बदलकर 36 हजार रुपए निकालने की शिकायत थाने में मिली।

## पुलिस कमिश्नर ने विश्वकर्मा थाने में की जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरुवार को विश्वकर्मा थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रथम मनीष अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर—द्वितीय, सहायक पुलिस आयुक्त चौमू, झोटवाड़ा एवं शास्त्री नगर संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए।

---

### खाकी की नाक के नीचे से उड़ गया 'पुष्पक विमान'!

## झोटवाड़ा में वर्कशॉप से पुलिस की सरकारी जीप गायब, कमिश्नरेट में हड़कंप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** गुलाबी नगरी में वाहन चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब पुलिस की अपनी सवारी भी सुरक्षित नहीं रही। झोटवाड़ा थाना क्षेत्र में बीती रात क्रेन कार्यशाला से पुलिस की सरकारी जीप आरजे 14 यूएफ 7351 अज्ञात चोर उड़ा ले गए। वारदात की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, जीप मरम्मत के लिए खड़ी थी। देर रात चोरों ने फाटक तोड़ा और जीप लेकर ऐसे फरार हो गए जैसे कोई जादूगर टोपी से खरगोश गायब कर दे। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला। यह वारदात पुलिस की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। आम नागरिक जब अपनी चोरी हुई बाइक-कार की उम्मीद पुलिस से करता है, वहीं अब पुलिस अपनी गाड़ी ढूंढने में जुटी है। जयपुर में लगातार बढ़ती वाहन चोरी की घटनाएँ बताती हैं कि चोरों की योजना पुलिस की गश्त से कई कदम आगे है।

## कॉलगर्ल देने का झांसा देकर ठगी, दो बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** झोटवाडा और चौमूं थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कॉलगर्ल दिलवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि दोनो आरोपी फर्जी इंस्टाग्राम पर कॉलगर्ल उपलब्ध करवाने का झांसा देकर लोगों को फंसाते थे।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि झोटवाड़ा थाना क्षेत्र में दो आरोपित एस्कॉर्ट सर्विस के नाम से लोगों को फंसा कर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार आरोपी फर्जी इंस्टाग्राम,फर्जी फेसबुक आईडी और वॉट्सऐप पर लड़कियों की गूगल से फोटो डाउनलोड करते और उन्हे ग्राहकों को भेजकर फंसाते थे।पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी मुकेश कुमार कांटवा (30) निवासी गांव हिरनोदा कांटवा की ढाणी पुलिस थाना फुलेरा जयपुर ग्रामीण हाल खिरणी फाटक झोटवाड़ा जयपुर और अंकित सियाक (28) सोशल मीडिया पर अपना मोबाइल नंबर देते थे। जिसके बाद वॉट्सऐप पर ग्राहकों से सम्पर्क करके रजिस्ट्रेशन और अन्य चार्ज की लिस्ट भेजते थे। रजिस्ट्रेशन की फीस मिलने के बाद होटल का चार्ज और वीआईपी कॉल गर्ल के नाम पर और पैसों की डिमांड करते । पैसे मिलने के बाद शातिर बदमाश ग्राहक का नंबर ब्लॉक कर देते थे।

## वांछित इनामी आरोपी जितेन्द्र सांसी चढ़ा सीएसटी के हत्थे

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए वांछित इनामी आरोपित जितेन्द्र सांसी को दस्तयाब कर पुलिस थाना शिवदासपुरा थाना पुलिस को सुपुर्द किया है।पुलिस उपायुक्त (अपराध) अभिजीत सिंह ने बताया कि सीएसटी ने आदतन अपराधी जितेन्द्र सांसी निवासी पंडेर जिला भीलवाड़ा को दस्तयाब कर शिवदासपुरा थाना को सौंपा है।

---

### पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता से की मुलाकात

# टांकरडा से हाड़ौता बाइपास निर्माण और गौशाला को बचाकर हो निर्माण

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** गुरुवार को जयपुर में प्रमुख शासन सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रवीण गुप्ता से पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुलाकात की। इस दौरान टाँकरडा से हाड़ौता बाइपास निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत राज्य सरकार से अनुमति लेकर अविलंब निर्माण कार्य शुरू करवाने की बात की। इसके अलावा मलिकपुर बाइपास के प्रस्तावित रोडमैप में लक्ष्मीनाथ गोशाला बीच में स्थित है, इसलिए इस बाइपास के निर्माण में गौशाला को बचाकर ही रोडमैप को अंतिम रूप देने की बात कही। ग़ौरतलब है कि मलिकपुर ग्रामवासियों द्वारा



एक दिन पहले ही पूर्व विधायक रामलाल शर्मा से मुलाक़ात कर मलिकपुर बाइपास निर्माण के लिए प्रस्तावित रोडमैप में गोशाला की चारदीवारी और भूमि बीच में आ रही है, जिसे बचाकर ही सडक़ निर्माण कार्य करवाया जाए। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि उक्त हाड़ौता बाइपास के निर्माण के लिए 72.70 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत होने के बाद विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है वही दूसरी ओर एनएच 52 गोविंदगढ़ से इटावा बधाल तक 95 करोड़ की लागत से फोरलेन सडक़ का निर्माण कार्य जारी है उसी के अंतर्गत मलिकपुर में बाइपास का निर्माण प्रस्तावित है। क्षेत्र में जनभावनाओं के अनुरूप ही विकास कार्य हों और लोगों को गुणवत्तापूर्ण आवश्यक सुविधाएँ सुलभ हों। हम सिफऱ् वादे नहीं करते, हम संकल्प को सिद्ध करते हैं।

## प्रारंभिक बाल शिक्षा के सशक्तीकरण हेतु आईसीडीएस विभाग और रॉकेट लर्निंग संस्था की महत्वपूर्ण साझेदारी, राज्य स्तरीय एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** राजस्थान के महिला एवं बाल विकास विभाग और रॉकेट लर्निंग संस्था के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी के माध्यम से राज्य के सभी 41 जिलों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा कार्यक्रम को और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

अब तक रॉकेट लर्निंग राजस्थान के 26 जिलों में सक्रिय रूप से कार्यरत रही है। इस नए समझौते के बाद संस्था अब पूरे राज्य के 41 जिलों में अपनी गतिविधियों का विस्तार करेगी। इसका उद्देश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नई शिक्षण सामग्री, खेल-आधारित शिक्षण विधियाँ और अभिभावक सहभागिता को बढ़ावा देना है।

यह पहल महिला एवं बाल विकास विभाग और रॉकेट लर्निंग के संयुक्त प्रयास से प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने तथा समुदाय स्तर पर सीखने का अनुकूल



वातावरण तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस समझौता ज्ञापन पर आईसीडीएस विभाग के निदेशक श्री वासुदेव मालावत तथा रॉकेट लर्निंग संस्था के सह-संस्थापक श्री सिद्धांत सचदेवा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीडी आईईसी श्री धर्मवीर मीना, संयुक्त निदेशक गुरुदर्शन सिंह रमाणा, सहायक सांख्यिकी अधिकारी हेमंत सिंह गुर्जर तथा रॉकेट लर्निंग की ओर से स्टेट लीड श्रेया सरकार, तथा अन्य साथी राधिका माथुर, मेघा शर्मा, मोहित वैष्णव, गौरांग चतुर्वेदी और चितरंजन नामा उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# गाजा में शांति की आस, समझौते का पहले चरण लागू

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से आगे बढ़ाए गए गाजा शांति समझौते के पहले चरण को लागू करने के लिए सहमति बन जाना इजरायल और फलस्तीन के लिए ही नहीं, पश्चिम एशिया और शेष विश्व के लिए भी राहत की खबर है। यदि इस समझौते के शेष चरणों के लिए भी इजरायल और हमास में सहमति बन जाती है तो गाजा में स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा और इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप प्रशंसा के पात्र होंगे। उनके खाते में कम से कम एक संघर्ष तो खत्म करने का श्रेय जाएगा ही। ऐसा होने की उम्मीद में ही भारतीय प्रधानमंत्री समेत विश्व के अन्य देशों के नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि इन देशों में सऊदी अरब, मिस्र समेत वह कतर भी है, जो हमास को समर्थन देने के लिए जाना जाता है। गाजा शांति समझौते के पहले चरण के तहत हमास करीब 20 बंधकों के साथ मारे गए अपहृत लोगों के शव इजरायल को सौंपेगा। इसके बदले इजरायल लगभग दो हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इनमें कई हमास आतंकी भी हैं। इसी के साथ गाजा में घुसी इजरायली सेना अपने कदम पीछे खींचेगी। ट्रंप की ओर से तय किया गया शांति समझौता 20 सूत्रीय है। इसके अनुसार हमास को हथियार डालने होंगे और गाजा में अपने प्रशासनिक दखल को समाप्त करना होगा। इस पर फिलहाल कुछ कहना कठिन है कि क्या हमास हथियार छोड़ने के लिए तैयार होगा। यदि वह इस्लामी और विशेष रूप से अरब देशों के दबाव में अपने हथियारबंद समूह को भंग करने के लिए तैयार भी हो जाए तो भी इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता कि वह इजरायल को नष्ट करने और वहां के लोगों यानी यहूदियों को मिटाने की अपनी घृणा का परित्याग करेगा। वास्तव में जब ऐसा होगा, तभी इजरायली और फलस्तीनी चैन से रह पाएंगे और पश्चिम एशिया में शांति कायम हो सकेगी। भविष्य में जो भी हो, इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि दो वर्ष पहले 7 अक्टूबर को हमास आतंकियों ने इजरायल में घुसकर जो कहर ढाया और जिसके नतीजे में 12 सौ लोग मारे गए, उसके जवाब में इजरायल की सैन्य कार्रवाई में साठ हजार से ज्यादा लोगों की जान गई। इजरायल की सैन्य कार्रवाई गाजा के साथ लेबनान, यमन और ईरान तक गई। इजरायल ने गाजा में अपनी कठोर सैन्य कार्रवाई इसलिए जारी रखी, क्योंकि हमास 7 अक्टूबर के हमले में बंधक बनाए गए लोगों को छोड़ने के लिए तैयार नहीं था। इजरायल हमास के बीच की लड़ाई में हजारों लोगों की जान ही नहीं गई, इजरायल-ईरान



के बीच के तनाव ने युद्ध का रूप लिया, जिसमें अमेरिका ने भी दखल दिया। इसके अतिरिक्त यमन में काबिज हाऊती विद्रोहियों की हरकतों से समुद्री व्यापार में बाधा पहुंची, जिसके नतीजे में तेल के दाम चढ़े।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 10 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1756 - ब्रिटिश गवर्नर जनरल रॉबर्ट क्लाइव ने कलकत्ता पर पुन: कब्जे के लिए मद्रास से कूच किया।
- 1846 - ब्रिटिश खगोलविद विलियम लासेल ने नेपच्यून के प्राकृतिक उपग्रह की खोज की।
- 1868 - क्यूबा ने स्पेन से स्वतंत्रता पाने के लिए विद्रोह किया।
- 1910 - वाराणसी में मदन मोहन मालवीय की अध्यक्षता में प्रथम अखिल भारतीय हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया था।
- 1924 - शिकागो में स्थित लोयोला विश्वविद्यालय के लेक शोर परिसर में अल्फा डेल्टा गामा बिरादरी की स्थापना की गई।
- 1942 - सोवियत संघ ने आस्ट्रेलिया के साथ अपने राजनयिक संबंध की शुरुआत की।
- 1964 - टोकियो में हुए ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का पहली बार दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण किया गया।
- 1970 - फिजी ने स्वतंत्रता हासिल की।
- 1971 - अमेरिका के एरिजोना के लेक हवासु शहर में लंदन ब्रिज को पुनर्निर्मित किया गया। इसे ब्रिटेन से ख़रीदकर तोडक़र अमेरिका लाया गया था।
- 1978 - रोहिणी खादिलकर राष्ट्रीय चेस प्रतियोगिता जीतने वाली प्रथम महिला बनी।
- 1986 - सैन सल्वाडोर में 7.5 तीव्रता वाले भूकंप में 1,500 लोगों की मौत।
- 1990 - अमेरिका का 67वां मानव अंतरिक्ष मिशन डिस्कवरी 11 अंतरिक्ष से लौटा।
- 1991 - भारत ने विश्व कैरम प्रतियोगिता का टीम खिताब जीता।
- 1992 - दूसरा हुगली पुल 'विद्यासागर सेतु' खुला।
- 1999 - सन् 2006 में राष्ट्रकुल खेल मेलबोर्न में कराये जाने की घोषणा।
- 2000 - श्रीलंका के पूर्व प्रधानमंत्री सिरीमाओ भंडारनायके का निधन।
- 2001 - बांग्लादेश में ख़ालिदा जिया ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण की।

## विशेष आलेख

# प्रेम, आस्था और समानता के बीच झूलता एक पर्व जहाँ परंपरा भी है, और बदलाव की दस्तक भी



डॉ. प्रियंका सौरभ

**करवा चौथ भारतीय संस्कृति का एक लोकप्रिय पर्व है, जिसमें विवाहित महिलाएँ अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। हालांकि इसकी परंपरा प्रेम और समर्पण से जुड़ी है, लेकिन आधुनिक समाज में यह त्यौहार समानता और साझेदारी के भाव से मनाया जाने लगा है। अब कई पुरुष भी यह व्रत रखते हैं। यह बदलाव बताता है कि करवा चौथ केवल पति की लंबी उम्र का प्रतीक नहीं, बल्कि रिश्तों में आपसी सम्मान, प्रेम और विश्वास का उत्सव भी है। परंपरा तभी सार्थक है, जब उसमें आत्मा के साथ-साथ समय की समझ भी हो।**

हर साल कार्तिक मास की चतुर्थी को जब शाम का सूरज डूबता है, तो भारत के कोने-कोने में सजी-संवरी महिलाएं थाली में दीप, छलनी और करवा सजाकर चाँद के दर्शन करती हैं। उनके माथे पर लाल बिंदी, हाथों में मेंहदी, आँखों में इंतज़ार और होठों पर एक ही सवाल चाँद निकला क्या? यह दृश्य भारतीय संस्कृति की सुंदरता का प्रतीक भी है और उसकी गहराई में छिपे सामाजिक अर्थों का आईना भी। करवा चौथ का व्रत उत्तर भारत में विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। इस दिन विवाहित महिलाएँ अपने पति की दीर्घायु के लिए सूर्योदय से चंद्रोदय तक निर्जला व्रत रखती हैं। परंपरा के अनुसार यह व्रत सुहाग की स्थिरता और पति की लंबी उम्र के लिए रखा जाता है, और दिनभर की तपस्या के बाद जब चाँद निकलता है तो पत्नी छलनी से पति का चेहरा देख कर व्रत तोड़ती है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या यह व्रत सिर्फ प्रेम और आस्था की अभिव्यक्ति है या समाज की पितृसत्तात्मक जड़ों में गहरे धंसा एक प्रतीक? भारतीय समाज में स्त्री के जीवन को सुहाग से जोड़ा गया है उसकी खुशी, उसकी प्रतिष्ठा और उसकी पहचान तक। विवाह के बाद उसके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि उसका पति माना गया, और उसकी मृत्यु को अभिशाप समझा गया। ऐसे में करवा चौथ जैसे व्रत स्त्री के समर्पण, त्याग और सहनशीलता का उत्सव बन गए। लेकिन क्या यह प्रेम का उत्सव है या स्त्री के अस्तित्व को पति की उम्र के साथ बाँध देने का सांस्कृतिक औचित्य? आज की पढ़ी-लिखी स्त्री जब करवा चौथ का व्रत रखती है, तो उसके कारण परंपरागत नहीं भी हो सकते। कई महिलाओं के लिए यह पति के प्रति प्रेम का, साथ निभाने का, रिश्ते में सामंजस्य का प्रतीक बन चुका है। वहीं कई पुरुष भी अब पत्नी के साथ समान भाव से व्रत रखने लगे हैं—यह बदलाव सकारात्मक है। परंतु यह भी उतना ही सच है कि करवा चौथ आज एक कल्चरल इवेंट बन गया है टीवी धारावाहिकों, फिल्मों और सोशल मीडिया पर यह व्रत जितना ग्लैमरस दिखाया जाता है, उतनी ही गहराई में उसका मूल अर्थ खोता जा रहा है। कभी यह व्रत गाँव की औरतों के बीच अपनापन और सहयोग का प्रतीक था। महिलाएँ एक-दूसरे के घर जातीं, मिट्टी के करवे (घड़े) में जल भरतीं, गीत गातीं करवा चौथ का व्रत है भाई, करवा लाना भूली न जाई। यह त्यौहार उनके लिए आपसी मिलन का अवसर था, जहाँ वे जीवन की तकलीफ़ों को साझा करतीं। पर अब यह व्रत सोने के करवे, महंगे साज-श्रृंगार और डिजाइनर साडियों का प्रदर्शन बन गया है। उपवास के बजाय अब इंस्टा रील्स का युग है—जहाँ सजना-संवरना ही मुख्य उद्देश्य बन गया है। फिर भी, परंपराओं को केवल अंधविश्वास कहकर नकार देना भी उचित नहीं। हर संस्कृति की अपनी आत्मा होती है। करवा चौथ के पीछे जो भाव है प्रेम, समर्पण और आस्था का उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लेकिन यह भी जरूरी है कि हम परंपरा को आधुनिक दृष्टि से देखें। आज जब हम समानता, स्वतंत्रता और पारस्परिक सम्मान की बात करते हैं, तो यह व्रत भी एकतरफा नहीं रहना चाहिए। यदि पत्नी पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती है, तो पति भी पत्नी की सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य के लिए समान भाव से प्रार्थना करे यही सच्चा प्रेम और समानता है। दिलचस्प बात यह है कि करवा चौथ का धार्मिक या पौराणिक आधार उतना स्पष्ट नहीं है जितना कि इसके लोकप्रचलन का प्रभाव। करवा यानी मिट्टी का घड़ा, जो प्राचीन भारत में जल का प्रतीक था, और चौथ यानी चतुर्थी का दिन। कुछ विद्वानों के अनुसार यह व्रत सैनिक परिवारों की परंपरा से जुड़ा था—जब पति युद्ध पर जाते थे, तो पत्नी उनकी सुरक्षित वापसी के लिए यह व्रत रखती थी। वहीं कुछ मान्यताएँ कहती हैं कि यह महिलाओं के बीच सामाजिक एकता बढ़ाने का माध्यम था। यानी इस त्यौहार का मूल भाव केवल पति की आयु से नहीं, बल्कि स्त्री के सामाजिक सहयोग से भी जुड़ा था।

आधुनिक समाज में करवा चौथ की व्याख्या के कई अर्थ हैं। एक ओर यह प्रेम का उत्सव है, तो दूसरी ओर यह स्त्री पर आदर्श पत्नी बनने का सामाजिक दबाव भी। यह द्वंद्व हमें सोचने पर मजबूर करता है—क्या हर प्रेम का प्रमाण त्याग से ही मापा जाएगा? क्या भूखे रहकर ही सच्ची निष्ठा सिद्ध होती है? और क्या यह परंपरा पति-पत्नी के बीच समान संबंधों का उत्सव बन पाई है या अब भी पति-प्रधानता का ही प्रतीक है? फिर भी, यह सच है कि समय के साथ इसके स्वरूप में बदलाव आया है। अब कई जगह पति भी व्रत रखते हैं, कई जोड़े इसे रिलेशनशिप रिचुअल की तरह मनाते हैं। यह बदलाव बताता है कि समाज धीरे-धीरे समानता की ओर बढ़ रहा है। त्योहार का अर्थ वही रहता है, पर दृष्टिकोण बदल जाता है। करवा चौथ का भी यही हाल है—जहाँ पहले यह स्त्री के कर्तव्य का प्रतीक था, वहीं अब यह रिश्तों की साझेदारी का रूप ले रहा है। आज जरूरत है कि हम परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाएं। करवा चौथ को न तो केवल रूढ़िवादिता समझें, न ही सिर्फ दिखावे का त्यौहार बनाएं। इसके भीतर के प्रेम, भाव और समर्पण को सच्चे अर्थों में आत्मसात करें—बिना किसी सामाजिक दबाव के। हर स्त्री को यह अधिकार होना चाहिए कि वह चाहे तो व्रत रखे या न रखे; क्योंकि प्रेम की परिभाषा उपवास से नहीं, आपसी समझ और सम्मान से तय होती है। यदि इस व्रत के बहाने पति-पत्नी एक-दूसरे को समझने, एक-दूसरे के त्याग की कद्र करने और रिश्ते में नयापन लाने का अवसर पा सकें—तो यह त्यौहार अपने असली अर्थ में सफल होगा। क्योंकि आखिरकार, करवा चौथ सिर्फ पति की लंबी उम्र का पर्व नहीं, बल्कि उस रिश्ते की स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक है, जो दो आत्माओं को जोड़ता है।

# राजस्थान में लोकतांत्रिक नवाचार की नई पहल: देवनानी की लंदन यात्रा का प्रभाव



डॉ नयन प्रकाश गांधी

*सीपीए विश्वभर के लगभग 180 राष्ट्रीय, प्रांतीय एवं राज्य स्तरीय संसदों का प्रतिनिधित्व करता है और सदस्य देशों की संसदीय संस्थाओं के बीच अनुभवों के आदान-प्रदान, परंपराओं के प्रचार तथा साझा हितों पर विचार के लिए मंच उपलब्ध कराता है।*

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के नेतृत्व में लंदन स्थित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) मुख्यालय का हालिया दौरा प्रदेश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को वैश्विक मंच से जोड़ने का एक ऐतिहासिक और सकारात्मक प्रयास है। इस यात्रा में देवनानी ने सीपीए के विभिन्न आयामों और गतिविधियों का गहन अध्ययन करते हुए यह स्पष्ट किया कि राजस्थान शाखा अब संघ की सभी गतिविधियों में पूरे सहयोग के साथ भागीदारी निभाएगी। सीपीए विश्वभर के लगभग 180 राष्ट्रीय, प्रांतीय एवं राज्य स्तरीय संसदों का प्रतिनिधित्व करता है और सदस्य देशों की संसदीय संस्थाओं के बीच अनुभवों के आदान-प्रदान, परंपराओं के प्रचार तथा साझा हितों पर विचार के लिए मंच उपलब्ध कराता है। राजस्थान शाखा की स्थापना 1959 में की गई थी और तब से यह संस्था प्रदेश के लोकतांत्रिक विमर्श को सशक्त बना रही है। आधुनिक दौर में सीपीए का सहयोग प्रदेश की विधानमंडल को पारदर्शिता, जवाबदेही, तकनीकी नवाचार एवं वैश्विक



संस्थागत अनुभवों से जोड़ देगा। श्री देवनानी ने यहां यूके ब्रांच के अधिकारियों से राजस्थान में युवाओं के सशक्तिकरण हेतु यूथ पार्लियामेंट, महिला प्रतिनिधित्व को प्रोत्साहन देने हेतु वीमेन पार्लियामेंट और संस्थागत आदान-प्रदान जैसे संयुक्त कार्यक्रमों पर भी विस्तार से चर्चा की। इस संवाद से साफ है कि अब राजस्थान का लोकतंत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्थागत प्रक्रियाओं, नीति अनुसंधान, तथा डिजिटल संसाधनों के समावेश से और अधिक सक्षम होगा।लंदन में सीपीए के साथ हुआ यह संवाद न सिर्फ राजस्थान की लोकतांत्रिक परंपराओं को सशक्त बनाने वाली पहल है, बल्कि इससे प्रदेश के विधायकों को विश्वस्तरीय संसदीय संवाद, प्रशिक्षण, तथा नीति निर्माण के नेटवर्क से जुड़ने का अवसर मिलेगा। ऐसे कार्यक्रम न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूती देंगे, बल्कि युवाओं और महिलाओं को भी लोकतंत्र के औजारों एवं मंचों से जोड़ेंगे। पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि यूथ पार्लियामेंट एवं महिला नेतृत्व संवर्धन के माध्यम से राजस्थान में नवाचार, सहभागिता एवं सामाजिक विकास को एक नई दिशा मिलेगी। साथ ही, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने वाले डिजिटल संसाधनों का उपयोग विधायी प्रक्रिया को त्वरित और प्रभावी बनाएगा। इस पहल की बदौलत प्रदेश की लोकतांत्रिक संस्थाएं आधुनिक समय की जरूरतों के अनुसार विकसित होंगी और नागरिक समाज को बराबरी, भागीदारी व उत्तरदायित्व का व्यापक मंच मिलेगा।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



**श्री भास्कर आत्माराम सावंत, (वरिष्ठ आईएएस)**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं वरिष्ठ आईएएस भास्कर सांवत साब। 5 जून सन 1969 को महाराष्ट्र के सांगली में एक साधारण परिवार में जन्में सांवत साब बहुत ही ऊर्जावान व शानदार इंसान हैं। बी.ई (इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार) करने के बाद सिविल सविर्सेज में आए। आज अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह रक्षा, जेल एवं राजस्थान राज्य अन्वेषण ब्यूरो एवं पदेन मुख्य सतर्कता आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव, आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। ये अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी एवं भू.जल विभाग, राजस्थान जयपुर भी रहे हैं। इससे पूर्व प्रमुख शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी एवं भू.जल विभाग, राजस्थान जयपुर। प्रमुख शासन सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग। प्रमुख शासन सचिव, उर्जा विभाग एवं अध्यक्ष, डिस्कॉम एवं अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, जयपुर। अध्यक्ष, डिस्कॉम एवं अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड एवं प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, जयपुर। प्रमुख शासन सचिव, कृषि,उद्यानिकी एवं सहकारिता विभाग, जयपुर। प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, जयपुर। प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज प्रारम्भिक शिक्षा विभाग, जयपुर। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जलव भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# करवा चौथ के व्रत में दवाई खा सकते हैं या नहीं? गर्भवती और डायबिटिक महिलाएं जरूर जान लें

करवा चौथ का व्रत हर सुहागिन महिला के लिए बेहद खास होता है। 10 अक्टूबर 2025 को इस बार करवा चौथ का व्रत रखा जाएगा। ये व्रत निर्जला रखा जाता है जो काफी मुश्किल उपवास होता है। लेकिन क्या हर महिला इसे बिना खाए-पिए निभा सकती है? कई बार शरीर की स्थिति या स्वास्थ्य कारणों से यह सवाल उठता है कि क्या करवा चौथ के व्रत में दवाई ली जा सकती है या नहीं? खासकर अगर महिला प्रेग्नेंट हो या डायबिटीज जैसी बीमारी से जूझ रही हो, तो बिना पानी और भोजन के पूरे दिन रहना उनके लिए जोखिम भरा हो सकता है। ऐसे में सेहत और आस्था के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। जिन महिलाओं की तबीयत खराब रहती है उन्हें इस बात कि चिंता रहती है कि वो व्रत के दौरान दवाई खा सकती हैं या नहीं? दवाई खाने से व्रत टूट तो नहीं जाएगा। अगर आपके भी ऐसे सवाल हैं या तबीयत खराब रहती है तो जान लेते हैं कि निर्जला व्रत में दवाई खा सकते हैं या नहीं। दवाई पर धार्मिक नियम करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाओं के द्वारा पति की लंबी आयु के लिए रखा जाता है। ये व्रत निर्जला रखा जाता है जिसमें महिलाएं पानी भी नहीं पी सकती हैं। मगर उन महिलाओं के लिए परेशानी की बात है जो किसी बीमारी का ग्रस्त हैं जैसे डायबिटीज या बीपी और कोई अन्य इसके अलावा प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए भी ये व्रत बहुत मुश्किल होता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या करवा चौथ व्रत में दवाई खा सकते हैं या नहीं। डॉ वाई राखी के अनुसार, करवा चौथ व्रत के दिन आप सरगी खाने के बाद अपनी दवाई खा सकते हैं इससे कोई व्रत नहीं टूटता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में बढिय़ा रहने वाला है। नौकरी को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आप भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की सोचेंगे।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। नौकरी में अधिकारियों को आपकी दी गई सलाह आपको पसंद आएगी, लेकिन परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के भी प्रयासों में तेजी लानी होगी।

**कर्क**
आज आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा और आप बुद्धि और विवेक से कोई निर्णय लेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। पारिवारिक संपत्ति से जुड़ा यदि कोई विवाद था।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए शांतिपूर्ण रहने वाला है। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है।

**कन्या**
आज आप किसी जोखिम भरे काम में हाथ ना डालें, नहीं तो आपका कोई नुकसान होने की संभावना है। राजनीति में कार्यरत लोगों के कामों की सराहना होगी और उन्हें किसी सम्मान से भी नवाजा जा सकता है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। वाहनों के प्रयोग से आप सावधानी बरतें और आपको अपनी संतान की कोई बात बुरी लग सकती है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने शौक मौज की चीजों को भी पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का आपको सम्मान करना होगा।

**धनु**
आज आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। जीवनसाथी के साथ आप कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए असमंजस भरा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को भी कुछ तनाव बना रहेगा। आप कोई फैसला जल्दबाजी में न लें, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। परिवार में बड़े सदस्य आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। आप कार्यक्षेत्र में किसी बड़ी जिम्मेदारी के मिलने से थोड़ा परेशान हो सकते।

**मीन**
आज आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। किसी धार्मिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। विद्यार्थी भी शिक्षा से संबंधित समस्याओं को लेकर अपने गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं।



## सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के विरोध में सीटू ने दिया ज्ञापन, मोदी सरकार को बताया अलोकतांत्रिक

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) की राजस्थान राज्य कमेटी ने लद्दाख को राज्य का दर्जा तथा उसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के अग्रणी नेता सोनम वांगचुक की मोदी भाजपा सरकार द्वारा की गई गिरफ्तारी तथा लद्दाख से लाकर जोधपुर जेल में डालने की लोकतांत्रिक एवं दमन पूर्ण कार्रवाई के विरोध में पूरे राजस्थान के हर जिले में गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किए गए, जिसके तहत जिला कलेक्ट्रेट टोंक में जिला सचिव कामरेड अख्तर जंग ने राष्ट्रपति के नाम अति. जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया है । कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव अख्तर जंग ने केंद्र की मोदी भाजपा सरकार को तानाशाही बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के तहत सोनम की नजरबंदी तानाशाही एवं जनविरोधी चरित्र तथा लद्दाख की जनता की वास्तविक जन आकांक्षाओं के प्रति घोर एवं अवमानना का ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सोनम वांगचुक अभी राजस्थान के जोधपुर केंद्रीय जेल में बंद है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मांग की है कि सोनम वांगचुक की तत्काल जैल से रिहाई किया जाएं। आंदोलनरात लोगों पर थोपे गए सभी मामलों को बिना शर्त वापिस लिया जाए। लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा की जाए। लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची के तहत शामिल किया जाए। आंदोलन में मारे गए चार लोगों की घटना की जांच कराई जाएं।

## मूक बधिर विद्यालय में स्वास्थ्य पर चर्चा कार्यक्रम में दी कई महत्वपूर्ण जानकारियां




बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** मूक बधिर विद्यालय में सीके बिरला हॉस्पिटल व लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जयपुर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शुभनव जैन ने बताया कि हम कैसे अपनी आँखों का बचाव कर सकते है। बच्चों को आज कल मोबाईल फोन से होने वाली आँखों की समस्या कितनी खतरनाक हो सकती है, इससे कैसे बचा जाए और आँखों की समस्या को नजर अंदाज नहीं करने सहित कई बिन्दुओं पर चर्चा की। फिजियोथेरिपीस्ट डॉ. आशीष अग्रवाल ने दिनचर्या को संतुलित करे रोगों से बचने के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि रोबोट तकनीक से इलाज करवाना आसान हो गया है। कार्यक्रम का संचालन मैनेजर मनीष शर्मा ने किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष अशोककुमार जैन, जॉन चैयरमैन हुकमचन्द जैन, एमजीएफ दिनेश चंवरिया, विद्यालय सचिव सीताराम स्वामी व महेन्द्र जैन ने भी विचार व्यक्त किए।

## टोंक- सवाई माधोपुर सांसद हरीश मीणा को पुत्र शोक

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान के टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद एवं पूर्व डीजीपी हरीश चंद्र मीणा के बेटे हनुमन्त मीणा का गुरुवार को असामयिक निधन हो गया। मात्र 35 वर्षीय हनुमन्त मीणा एक व्यवसायी थे। परिवारिक सूत्रों के अनुसार, हृदयाघात के कारण उनका निधन हुआ है। बताया जा रहा है कि हनुमन्त मीणा जयपुर के एक निजी अस्पताल में पिछले कुछ समय से भर्ती थे।

सांसद के बेटे के निधन के बाद राजनीतिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई। सांसद हरीश मीणा 1976 बैच के आईपीएस अधिकारी रह चुके हैं, वर्तमान में टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद हैं। बताया जा रहा है कि हनुमन्त मीणा का आज शाम 5 बजे अंतिम संस्कार होगा। इस घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने मनाया 52वां जन्मदिन , कई जगह हुआ भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने गुरुवार को अपना 52 वां जन्मदिन खंडार विधानसभा क्षेत्र के लोगों के बीच मनाया ङ्घ इस दौरान खंडार विधायक चाकसू, बड़ का पाड़ा, बोली होते हुए कुस्तला टोल पहुंचे ।कुस्तला टोल पर सैकड़ों गाडियों के साथ हजारों कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल का भव्य स्वागत किया गया व जन्मदिन का केक काटा गया व 31 किलो की माला के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद कुस्तला मेन बाजार में गोठवाल को केलों से तौला गया व कुशलता मंडल द्वारा भव्य स्वागत किया गया । इसके बाद बैरवा समाज के लोगों द्वारा कुस्तला बाजार में भव्य स्वागत किया गया ।

इसके बाद खंडार विधायक का कुस्तला गौ शाला पर गौ सेवकों द्वारा भव्य स्वागत कर केक कटवाया गया ।

इस दौरान खंडार विधायक ने गौ शाला में गायों को हरा चारा खिलाया व गुड़ खिलाया । इसके बाद खंडार विधायक गोठवाल का जीनापुर में मीणा समाज की महिलाओं व कार्यकर्ताओं द्वारा गीतों के माध्यम से भव्यस्वागत किया। खेरदा में गुर्जर समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया व आतिशबाजी कर फलों से तौला गया । खंडार विधायक गोठवाल सीता माता पहुंच पूजा अर्चना की व आशीर्वाद प्राप्त किया। सीता माता के प्रांगण में मंच के माध्यम से खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल जी व सवाई माधोपुर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर आभार व्यक्त किया । गोठवाल ने जन्मदिवस के अवसर पर क्षेत्र के दिव्यांग जनो को निःशुल्क स्कूटी वितरण की ।

**गंगापुरसिटी में दरिंदगी :** आरोपी हाल ही में जेल से छूटा था, वारदात में छह थानों की पुलिस ने की कार्रवाई

# वृद्धा के दोनों पैर काटकर चांदी के कड़े लूटे, पुलिस ने 5 घंटे में किया खुलासा, युवक और उसकी गर्लफ्रेंड गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर/ गंगापुर सिटी (राकेश शर्मा)।** गंगापुरसिटी में बुधवार रात को वृद्ध महिला के दोनों पैर काटकर चांदी के कड़े लूटने की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने महज पांच घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी रामोतार उर्फ काडू पुत्र पन्नालाल उर्फ कल्याण बैरवा निवासी खेडा बाढ़. रामगढ़ तथा उसकी महिला मित्र तनु उर्फ सोनिया पुजारी निवासी भैंसा, भरतपुर को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देशन में गठित विशेष टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया। आरोपी रामोतार पूर्व में भी ऐसी वारदातों में शामिल रह चुका है और एक माह पहले ही जेल से छूटकर बाहर आया था। वह अपनी महिला मित्र के साथ मिलकर मजदूरी का झांसा देकर पीडित्रा कमला पत्नी मूलचंद रैगर निवासी सीतौड़ की ढाणी, बामनवास को अपने किराए के कमरे पर ले या। फिर रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच गंगाजी की कोठी से जाट बड़ौदा की रास्ते में सुनसान स्थान पर ले गए, जहां दोनों पैर काटकर चांदी के कड़े लूट कर फरार हो गए।

पुलिस को सुबह आठ बजे वारदात का पता लगा। इसके बाद पीडित्र महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां से जयपुर रेफर कर दिया। मौके पर एसपी अनिल बेनीवाल, एएसपी राकेश राजौरा सहित सभी थानों की पुलिस पहुंच गई। गठित टीमों ने दोपहर एक बजे आरोपी को अपनी गिरफ्त में ले लिया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में लूट, चोरी, अपहरण के चार मामले दर्ज हैं। आरोपी की ओर से बेचे गए कड़े की राशि को जब्त कर लिया है। वहीं सुनार की भूमिका की जानकारी की जा रही है। कार्रवाई में छह थानों की पुलिस, दो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सीओ के अलावा एएसआइ रेवत सिंह की अहम भूमिका रही।

पुलिस के अनुसार बामनवास के सीतौड़ गांव में एक व्यक्ति ठेकेदार बनकर गया और मजदूरी के लिए सम्पर्क किया। इस पर कमला देवी, उसकी बहू सीता तथा पड़ोसन उगंती देवी तैयार हो गई। उनसे बुधवार सुबह गंगापुरसिटी पहुंचने को कहा। इस पर सुबह करीब नौ बजे जयपुर बाइपास पर मानसिंह के तिराहे पर बस से उतर गई। वहां से आरोपी बहू तथा पड़ोसन को बाइक पर बैठा ले गया और वृद्धा को वहीं बैठा गया। बाद में दोनों महिलाओं को उदेई मोड़ पर एक निर्माणाधीन मकान के बाहर खड़ा कर दिया। साथ ही बहू का मोबाइल भी ले आया। बाद में बाइपास से वृद्धा को बाइक पर बैठा ले गया।



### वृद्धा को तलाशती रही बहू-पड़ोसन

वृद्धा को तलाशती रही बहू-पड़ोसन

- बहू सीता ने बताया कि आरोपी उन दोनों को उदेई मोड़ पर छोड़ गया। लेकिन जब उसकी सास को लेकर नहीं पहुंचा तो उन्होंने तलाश करना शुरू कर दिया। लेकिन कोई पता नहीं चला। इस पर वह वापस गांव चली गई। वहां से लोगों को लेकर आए, तब शाम को सदर थाने में महिला के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

आरोपी ने उसे एक घर में रखा और खाना खिलाया। रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच महिला को जगाया और कहा कि उसके घर में मौत हो गई। अब तीन दिन तक काम नहीं चलेगा, उसे उसके गांव छोड़ देते हैं। इस पर महिला तैयार हो गई। उसे दोनों आरोपी गंगाजी की कोठी पर पेट्रोल पम्प के पास से जाट बड़ौदा गांव जाने वाले रास्ते पर ले गए। जहां धारदार हथियार से दोनों पैरों के पंजे काट कर करीब पौन किलो वजनी चांदी के कड़े लेकर फरार हो गए। महिला की चप्पल भी वहीं पड़ी रही। सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों को तड़पती हुई महिला दिखी तो उन्होंने फोटो वायरल किए। तब पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही सवाईमाधोपुर से पहुंची एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

## कबड्डी में पीजी कॉलेज सवाई माधोपुर, रस्सा-कस्सी में बालिका टीम माउंटाउन रही प्रथम



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत केंद्र द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सवाईमाधोपुर में किया गया। प्रतियोगिताओ में पुरुष वर्ग के लिए कबड्डी, 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जबकि महिला वर्ग के लिए रस्सा-कस्सी, लंबी कूद और 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिला। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उपाधीक्षक प्रभारी जिला कारागृह सवाई माधोपुर बिहारी लाल द्वारा समस्त युवाओं को फिट इंडिया, नशा मुक्ति एवं संविधान की शपथ दिला कर किया।

पुरुष वर्ग में कबड्डी में प्रथम विजेता पीजी कॉलेज सवाईमाधोपुर की टीम, 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर सौरभ व लंबी कूद में प्रथम स्थान पर रोहित मीणा विजेता रहे। वहीं महिला वर्ग में रस्सा-कस्सी में प्रथम स्थान पर बालिका टीम माउंट टाउन, 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर अंतिम वर्मा व लंबी कूद में प्रथम स्थान पर साक्षी मीणा विजेता रहे।

इस अवसर पर मंच संचालन माय भारत वालंटियर महेंद्र कुमार शर्मा व शारीरिक शिक्षक कमलेश गुर्जर द्वारा किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग से शारीरिक शिक्षक कमलेश गुर्जर, कैलाश खंगार, अशोक शर्मा, अनीश खान व मेडिकल विभाग व पुलिस विभाग से की टीमों के उपस्थित रहने से खेल प्रतियोगिता का समापन सुचारू रूप से हुआ।

कौशलों के विकास के लिए ब्लॉक स्तरीय प्रबल कार्यक्रम का आयोजन

## प्रबल कार्यक्रम से सरकारी विद्यालयों से निकलेंगे भावी राजनेता एवं प्रशासनिक अधिकारी - दिलीप इसरानी



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय 21वीं सदी के कौशलों के विकास के लिए प्रबल कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी, भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन जैन छाबड़ा, पार्षद परसराम कुमावत, संजय वर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉकशिक्षाधिकारी रमेशचंद विजय एवं प्रधानाचार्य गिरिराजप्रसाद गुर्जर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया। पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से भावी अधिकारी एवं राजनीतिक नींव मजबूत होती है। इसप्रतियोगिता के माध्यम से चयनित विद्यार्थी राजस्थान की विधानसभा में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। प्रधानाचार्य गिर्राजप्रसाद गुर्जर ने बताया कि पालिकाध्यक्ष इसरानी ने विद्यालय में इंटरलॉकिंग टाइल्स, पानी निकासी के लिए नाला निर्माण, प्रार्थना स्थल हेतु प्लेटफॉर्म एवं टीन शेड निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान बालकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ विनोद तिवाडी, सुमन शर्मा, बीरबल मीणा, कुसुम कौशिक, सुरेशचंद गुर्जर, सांवरमल शर्मा व रामधन गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि व शिक्षक मौजूद थे।

## ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** शिवाजी कॉलोनी के मुख्य सडक़ मार्ग के निर्माण के लिए खुदाई हो जाने के चलते ईंटों से भरी एक ट्राली पलट गई। जानकारी के अनुसार इन दिनों शिवाजी कॉलोनी के मुख्य सडक़ मार्ग का निर्माण कार्य करवाए जाने के लिए पुराने रोड की खुदाई का कार्य चल रहा है। कॉलोनी की गली नंबर 4 से 9 तक का खुदाई कार्य हो चुका है। खुदाई के दौरान फैले हुए कंक्रीट के पत्थरों की वजह से गुरुवार की दोपहर ईंटें भरकर जा रही एक ट्रैक्टर की ट्रॉली असंतुलित होकर ओम किराणा स्टोर के बाहर बने हुए चबूतरे पर पलट गई और ईंटों का चबूतरे पर ढेर लग गया। ट्रॉली में भरी हुई ईटों पर एक महिला व पुरुष भी बैठा हुआ था। वे दोनों भी ईंटों के साथ चबूतरे पर जा गिरे।

**3 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद :** दीपावली के त्यौहार को लेकर विद्युत लाइनों के रखरखाव के चलते शुक्रवार को ढाई घंटे बिजली बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता शहर लक्की गोठवाल ने बताया कि शुक्रवार को लाइनों के रखरखाव कार्य के चलते सुबह 7.30 बजे से 10.30 बजे तक एसडीम ऑफिस के आसपास, झिलाय रोड, ढाणी जुगलपुरा, बड़ की ढाणी, ट्रक यूनियन के आसपास, जगदंबा कॉलोनी, गिर्राज विहार, इंदिरा कॉलोनी, दीनदयाल कॉलोनी, सुभाष कॉलोनी व कृषि मंडी के आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

## जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने जिला कारागृह का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला एवं सेशन न्यायाधीश देवेंद्र दीक्षित द्वारा गुरुवार को जिला कारागृह का निरीक्षण किया।

दौराने निरीक्षण जेलर बिहारीलाल से टॉयलेट, बाथरूम की साफ-सफाई एवं उनमें पानी की उचित सप्लाई, कचरा उठाने की व्यवस्था, बंदियो के लिए पृथक से रसोईघर, रोटी बनाने के लिए पर्याप्त व्यक्ति एवं बर्तन की उपलब्धता, बंदियों को कुक के रूप में प्रशिक्षण, वाटर फिल्टर यूनिट की सुविधा, डॉक्टर की नियमित विजिट, एंबुलेंस की सुविधा, बंदियों के लिए समाचार पत्र-पत्रिकाओं, उपन्यास, योग एवं मीडिएशन क्लासेज, कंप्यूटर एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण, बैरकों में बंदियों की क्षमता, बंदियों के परिजनों से मिलने के लिए अलग कक्ष की व्यवस्था, बंदियों के सामान रखने हेतु लॉकर की सुविधा, बंदियों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा, सीसीटीवी कैमरों और नेटवर्क जैमर की सुविधा, कारागृह में नए कर्मचारियों की भर्ती, जेल स्टाफ की परेशानियों की निवारण के लिए कमेटी, जेल मैनुअल के अनुसार बंदियों को नाश्ते, भोजन, पेयजल व मिठाई की उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी ली गई ।

साथ ही बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया, बंदियों द्वारा उनको मिल रही सुविधाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं की गई परंतु टॉयलेट, बाथरूम आदि गंदे पाए जाने पर उनकी नियमित रूप से साफ-सफाई करवाने एवं खराब पड़े ई प्रिजन कियोस्क को अविलम्ब ठीक करवाने के संबंध में निर्देश प्रदान किए।

दौराने निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव समीक्षा गौतम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह आढ़ा, डिप्टी एलएडीसी वीरेंद्र कुमार वर्मा, असिस्टेंट एलएडीसी अक्षय राजावत, डॉ मनोज गर्ग एवं पीएलवी मगनलाल मीना उपस्थित रहे।

ग्रामीण सेवा शिविरों में हो रहा है समस्याओं का समाधान

# जिला कलक्टर ने किया चौगाई ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिले में आयोजित हो रहे ग्रामीण सेवा शिविरों में आमजन की समस्याओं का समाधान हो रहा है। साथ ही उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का मौके पर ही लाभ मिल रहा है। राहत मिलने पर लाभार्थियों द्वारा मुख्यमंत्री और राजस्थान सरकार का आभार जताया जा रहा है।

**स्वामित्व पट्टे, पशु बीमा पॉलिसी का वितरण कर आमजन को किया लाभान्वित :** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को उपखंड पीपलू के ग्राम चौगाई में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया तथा कार्मिकों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सेवा की भावना से कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन को सभी योजनाओं से पात्रतानुसार लाभान्वित करें। उन्होंने आमजन से जागरूक होकर शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओ का समाधान करवाने एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने की अपील की।

जिला कलेक्टर ने कैंप में आवासीय पट्टे, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा की पॉलिसियां लाभार्थियों को सौंपी। साथ ही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया। उन्होंने विभागीय स्टॉलवार निरीक्षण कर दी जा रही सुविधा के बारे में जानकारी ली और लाभार्थियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी गणराज बडगोती सहित जनप्रतिनिधि एवं ब्लाक अधिकारी उपस्थित रहे।



**शिविर में मिला ग्रामीणों को पट्टा :** जिले में गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित हुए, जिनमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों को राहत मिली। राहत मिलने पर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री और राजस्थान सरकार का आभार जताया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत हमीरपुर में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित हुआ। परिवादी प्रेम देवी 10 वर्षो से आवासीय पट्टा प्राप्त करने की कोशिश कर रही थी जो अब जाकर ग्रामीण सेवा शिविर के माध्यम से हासिल हुआ। पंचायती राज विभाग द्वारा शिविर में आवासीय भूमि का पट्टा मिलने पर प्रेम देवी ने खुशी प्रकट करते हुए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि इससे उसे ऋण की सुविधा प्राप्त हो सकती है।

### अशुद्ध नाम को किया शुद्ध बालू बना बाबू

ग्राम पंचायत जामडोली में लगे शिविर में परिवादी बाबू ने अपने अशुद्ध को को शुद्ध करने के लिए शिविर में जाकर अपने दस्तावेज दिखाए और कहा कि मेरा सही नाम बाबू है परन्तु गलती से रिकार्ड में मेरा नाम बालू आ रहा है जो अशुद्ध है इससे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है। दस्तावेजो के आधार पर नाम जांच की गई। रिकार्ड में अशुद्ध नाम को दस्तावेजों के आधार पर शुद्ध किया गया जिससे बाबू ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में मुझे आसानी होगी। परिवादी ने राज्य सरकार व राजस्व विभाग का आभार व्यक्त किया। इसी तरह जामडोली शिविर में परिवादी नारायण ने अपने घर के पट्टे का नवीनीकरण के लिए शिविर में रजिस्टेऊशन करवाया। और हाथो हाथ अपने पट्टे का नवीनीकरण करवाया। नवीनीकरण के पश्चात खुशी जाहिर करते हए राज्य सरकार को धन्यवाद दियां। ऐसे ही जामडोली में लगे शिविर के दौरान परिवादी मात्या देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना से बनाये आवास का पट्टा शिविर से प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## विनोद जाखड़ की रिहाई को लेकर राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद रैगर की अध्यक्षता में एक बैठक हुई बैठक में सर्व सहमति से एनएसयूआई के नेता विनोद जाखड़ की रिहाई के लिए प्रस्ताव पारित किया गया और राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि एनएसयूआई नेता विनोद जाखड़ को जल्द रिहा करो अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके नारायणपुर कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद रैगर, जिला युवा कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव रणजीत कसाणा,नारायणपुर नगर अध्यक्ष सुभाष सैनी, भागीरथ सैनी, कैलाश गोठवाल, राजू , इंद्राज,मनीष, विमलेश, राजेन्द्र सहित कांग्रेस कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निजी शिक्षण संस्थाओं के विकास में आ रही समस्याओं का होगा निराकरण:गुरूजी



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के ब्लॉक बानसूर के निजी शिक्षण संस्थाओं का अजयसिंह यादव गुरूजी को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।जहाँ निजी शिक्षण संस्थाओं के निदेशकों ने अजयसिंह यादव गुरूजी को शुभकामनाएं देते हुए संघ हित में कार्य करने की उम्मीद जाहिर की। वहीं मांनशी मार्किट में व्यापारियों द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजयसिंह यादव गुरूजी का माला साफा पहनाकर भव्य किया और मुँह मीठा कराया। इस मौके पर व्यापार मण्डल के मुकेश सैनी नेताजी ने शिक्षण हितों की सुरक्षा देने का अनुरोध करते हुए शुभकामनाएं दी। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजयसिंह यादव गुरूजी ने माँनशी मार्किट के व्यापारीयों सहित संघ की संस्थाओं के निदेशकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि निजी शिक्षण संस्थाओं के विकास में आ रही समस्याओं को दूर करवाया जाएगा। वहीं संघ हित में कार्य करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जायेंगे।उल्लेखनीय है कि गुरूजी राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन, यादव समाज संगठन सहित अनेक संगठनों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## फसलों के खराबे का मुआवजा दिलाने की मांग, किसानों ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निमाज (ईश्वर सिंह सूर्यवंशी)।** खरीफ सीजन 2025 में हुई अतिवृष्टि से क्षेत्र की फसलें पूरी तरह तबाह हो गईं। राजस्व सर्किल लाबिया सहित पटवार सर्किल कांवलिया क्षेत्र के किसानों ने फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी मनोजकुमार मीणा को ज्ञापन सौंपा। ग्राम सेवा सहकारी समिति कांवलिया कला के अध्यक्ष अर्जुनसिंह खिडिया के नेतृत्व में किसानों ने बताया कि लाबिया, कांवलिया, खारचिया सहित आसपास के गांवों में खरीफ फसल में बरसात के पानी के अत्यधिक भराव से 80 से 90 प्रतिशत तक फसलें नष्ट हो गई हैं। कहीं-कहीं तो उत्पादन नगण्य रहा है।किसानों ने मांग की कि राजस्व विभाग व कृषि विभाग द्वारा अतिशीघ्र विशेष गिरदावरी व सर्वे करवाकर खरीफ 2025 की फसल का सही आकलन किया जाए और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित कृषकों को बीमा क्लेम राशि तथा कृषि आदान-अनुदान सहायता राशि दी जाए। राजस्थान किसान महापंचायत के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बेनीवाल ने भी कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, ब्यावर जिला कलक्टर एवं उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उपखंड के अधिकांश गांवों में अतिवृष्टि से खराब हुई फसलों का मुआवजा शीघ्र दिलाने की मांग की है।

## गिरी में एक ही रात में तीन मकानों के ताले टूटे, नकदी-जेवरात पार, लोगों में आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**निमाज (ईश्वर सिंह सूर्यवंशी)।** ग्राम गिरी में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार रात्रि अज्ञात चोरों ने गांव के चंपालाल, कानाराम व मिठूलाल के तीन अलग-अलग मकानों के ताले तोड़ नकदी व सोने-चांदी के जेवरात पार कर लिए। ग्रामीणों के अनुसार, देर रात अंधेरे का फायदा उठाकर चोर घरों में घुसे और बक्सों व अलमारियों के ताले तोड़ दिए। सुबह जब लोगों ने ताले टूटे देखे तो गांव में हडकंप मच गया। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व भी क्षेत्र में बढ़ती चोरियों को लेकर ग्रामीणों ने बाजार बंद रख पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ प्रदर्शन कर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा था।

बावजूद इसके चोरी की वारदातें थम नहीं रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## पुत्र ने किये अपनी माता जी के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर मे म0 न0 393 स्कीम न0 2 अलवर निवासी श्रीमती उषा गज्जा पत्नी स्वर्गीय श्री कृष्णकांत गज्जा, के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए।नारायण सेवा संस्थान के शाखा अध्यक्ष आर.एस.वर्मा ने बताया कि श्रीमति उषा गज्जा के निधन के पश्चात उनके पुत्र राजेश गज्जा ने अपनी माता के नेत्रदान करवाने के लिए पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को सूचित किया।तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र राजेश ग़ज्जा ने अपनी माता जी की अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है।

**ग्रामीणों से शिविर की व्यवस्थाओं एवं उनकी समस्याओं के समाधान का लिया फीडबैक**

# जिला कलक्टर ने राजगढ़ क्षेत्र के टोडा जयसिंहपुरा में आयोजित ग्राम सेवा शिविर का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने गुरुवार को राजगढ क्षेत्र का दौरा कर ग्राम पंचायत टोडा जयसिंहपुरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं शिविर में आए हुए आमजन से शिविर में प्रदान की जा रही सुविधाओं व सेवाओं का फीडबैक भी लिया तथा टहला तहसील का निरीक्षण कर आमजन की परिवेदनाएं सुनकर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने शिविर में निरीक्षण कर विभागवार व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आमजन को दी जाने वाली सेवाओं की प्रक्रिया आदि का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर प्रभारी को निर्देश दिये कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार शिविर के दौरान आमजन को दी जाने वाली सेवाएं मौके पर ही दी जाए। उन्होंने लम्बित नोटिसों की तामील एवं फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण कराने, रास्ते खोलने, आपसी सहमति से विभाजन एवं नामांतरण, किसान गिरदावरी ऐप द्वारा गिरदावरी करवाने, मूल निवास व जाति प्रमाण बनाने एवं स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व पट्टे बनाने आदि की प्रगति का अवलोकन कर सभी कार्यों को यथासंभव मौके पर ही सम्पादित करने के निर्देश दिये। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जिनमें पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव के तहत दस हजार और गांवों में बीपीएल परिवारों का सर्वे करने, पीएमजेवाई कार्ड बनाने व वितरण करने, बीज मिनी किट वितरण, पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, अटल पेंशन योजना एवं कर्मयोगी अभियान के तहत गतिविधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री घुमन्तु आवास योजना से लाभांवित करावे। शिविर स्थल पर उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर सुनी फरियाद

जिला कलक्टर ने शिविर में आए हुए ग्रामीणों से उनके कार्यों की जानकारी ली तथा शिविर का फीडबैक भी लिया। उन्होंने टहला तहसील का निरीक्षण कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया कि फरियादियों की परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण कर उन्हें सूचित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि ई-फाइलिंग सिस्टम से ही सभी कार्य किए जाए तथा रिकॉर्ड का संधारण सुव्यवस्थित रूप से करें। उन्होंने आमजन से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं में लाभ का फीडबैक लेते हुए कहा कि अपने आसपास के लोगों को इन योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें भी इन योजनाओं से लाभांवित करावे। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी राजगढ सीमा मीणा, तहसीलदार कल्याण सहाय मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## यूनिक स्कूल में 9 नवंबर को आयोजित होगा यूनिक स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट 2025

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ (सुभाष यादव)** । गुरुवार को यूनिक ग्रुप ऑफ एजुकेशन में यूनिक स्कॉलरशिप एडमिशन टैस्ट 2025 व पोस्टर विमोचन को लेकर प्रेस वार्ता रखी गई। इस दौरान संस्था निदेशक डॉ सुमित यादव ने बताया कि विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए यूनिक द्वारा एक अनोखी पहल की जा रही है।

संस्था ने विगत वर्षों में अनेकों बार जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय मेरिट रखकर शिक्षा में अनूठी पहचान कायम की है। जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय खेलों में भी काफी बार गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल हासिल किए हैं। सामाजिक सरोकारों के कार्यो में भी यूनिक द्वारा काफी कार्य किये जाते रहे हैं विगत दस वर्षों में हजारों की संख्या में पौधों का निशुल्क वितरण, चीनी वस्तुओं के बहिष्कार को लेकर बच्चों की रैली, शहीद स्मारक स्थलों की सफाई, गौशालाओं में गौमाताओं के लिए खादय सामग्री जैसे अनेकों प्रकार के सामाजिक उत्थान के कार्य किये गए। संस्था द्वारा यूनिक स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट 2025 का आयोजन आगामी 9 नवम्बर 2025 रविवार सुबह बजे से किया जाएगा। यह परीक्षा कक्षा 3 से 10 तथा 11वीं के गणित, बायोलॉजी व एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है।

इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को 51 लाख तक की छात्रवृत्ति, 11 लाख तक के कैश प्राइज, तथा ट्यूशन फीस में सौ प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलेगा।संस्था के चेयरमैन यूनिक ग्रुप का उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों को उनकी मेहनत और लगन के बल पर आगे बढने का मंच प्रदान करना है।

## मेघवाल समाज के वरिष्ठ कर्मठ और जुझारू युवा के नेतृत्व में दी गई साहब कांशीराम को श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र में डीएसफॉर और बसपा के संस्थापक बाबा साहेब अम्बेडकर के विचारों से ओतप्रोत मान्यवर साहब कांशीराम जी को उनकी 19वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई।यह कार्यक्रम मेघवाल समाज के सच्चे अम्बेडकरवादी प्रमोद सिरोहीवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस मौके पर सिरोहीवाल ने मान्यवर साहब कांशीराम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन की शुरुआत होती है तो मृत्यु भी निश्चित है यह गौतम बुद्ध की विचारधारा थी उसे भारतरत्न बाबा साहेब अम्बेडकर ने अपनाया और उन्हीं के पदचिन्हों का अनुसरण करते हुए भारत के बहुजन समाज को तीसरा बड़ा प्लेटफार्म दिया आप उसको बरकरार रखते हो या समाप्त करते हो। सिरोहीवाल ने कहा कि जो लोग बिकते और बेचते हैं वे अपने माता -पिता और संतान तक के नहीं होते !बहुजन समाज के वे ही सच्चे समर्थक हैं जो स्वार्थ में आकर अपने ही समाज का व्यापार नहीं करते !इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार और साहब कांशीराम के सच्चे शिष्य पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुगनचन्द मौर्य ने कहा कि मृत्यु निश्चित है तो मानवता निश्चित क्यों नहीं की जा सकती। हम महापुरुषों के बताए मार्ग पर निस्वार्थ चलकर इस मंजिल को हासिल कर सकते हैं पर कुछ स्वार्थी लोग इस सपने को कामयाब नहीं होने देना चाहते !जब सडक़ की पटरी पर भी नकली अनेक पर सामान मिलेगा तो दुकान तक कोई नहीं पहुंच पाएगा !उसी की बदौलत है कि बहुजन समाज तीसरे पायदान से धरातल पर आ गया !इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक प्रमोद सिरोहीवाल,मनोज जूली,संजय डुमोलिया, कैलाश मोरोडिया, कमलेश नेताजी, हितेन्द्र चौधरी, सुरेश गुरूजी, रमेश गुरूजी, रोहिताश, जगदीश पंच, अजय, योगेश, गजानंद सहित अनेक गणमान्य समाज बंधु मौजूद रहे।

## लायंस क्लब की ओर से पीस पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** लायंस क्लब राजगढ़ के तत्वावधान में राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय नं 2 राजगढ़ में पीस पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम का थीम एक साथ हम रहा, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक लायन नंदलाल बैरवा ने बताया कि विद्यार्थियों ने थीम के अनुरूप सुंदर व प्रेरक पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को पेन, रबर, पेंसिल व अन्य अध्ययन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नरेश सैनी, क्लब अध्यक्ष लायन प्रदीप महावर, प्रांतीय सलाहकार खेम सिंह आर्य, वीरेंद्र दाधीच, लोकेश रावत, दुष्यंत आर्य, अजय यादव सहित क्लब सदस्यों का विशेष सहयोग रहा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्लब की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा।

## लायंस क्लब अलवर मत्स्य ने सेवा सप्ताह के चौथे दिन गौ-सवामनी एवं जरूरतमंदों को भोजन करवाकर मनाया सेवा दिवस

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-1, रीजन 9, जोन-4, क्लब संख्या 095645 लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह -सेवांकुर के चौथे दिन 9 अक्टूबर को विभिन्न सेवा गतिविधियाँ आयोजित की गईं। सुबह बुध विहार स्थित नंदी गौशाला (कांजी हाउस) में गौ-सवामनी का आयोजन किया गया, वहीं शाम को अम्बेडकर सर्किल स्थित जनता रसोई, आँचल संस्थान परिसर में फूड फॉर हंगर अभियान के तहत जरूरतमंदों को भोजन करवाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक लायन अनिल बंसल ने बताया कि क्लब की सचिव लायन सुधा गुप्ता का जन्मदिन भी था। इस उपलक्ष्य में सुबह गौ-सवामनी कार्यक्रम के दौरान नंदी गौशाला में मौजूद गायों व बैलों को गुड़, हरा चारा और बैंगन, भिंडी, खीरा, पालक जैसी हरी सब्जियाँ खिलाई गईं। शाम को सचिव लायन सुधा अग्रवाल के सान्निध्य में आयोजित फूड फॉर हंगर कार्यक्रम में करीब 193 से अधिक असहाय लोगों को फल, मिठाई एवं पूर्ण भोजन अपने हाथों से परोसा गया।

लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने बताया कि सेवा सप्ताह - सेवांकुर के तहत अगला कार्यक्रम *मधुमेह जांच शिविर* होगा, जो स्वच्छ अलवर - स्वस्थ अलवर अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जाएगा। यह निःशुल्क शिविर लायंस क्लब अलवर मत्स्य एवं मित्तल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार, 11 अक्टूबर 2025 को प्रातः 7 बजे कम्पनी बाग में आयोजित किया जाएगा। शिविर के संयोजक एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, क्योंकि व्यस्त जीवनशैली के कारण लोग समय पर जांच नहीं करा पाते, जिससे अनेक गंभीर बीमारियाँ पनपती हैं। स्वस्थ भारत अभियान के तहत यह सेवा एक सकारात्मक कदम है। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष लायन डॉ. मंजू अग्रवाल, सचिव लायन सुधा अग्रवाल, लायन घनश्याम अग्रवाल, लायन सतीश कुमार गुप्ता, लायन रमा गुप्ता, लायन महेश धानावत, लायन शकुंतला धानावत, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन अनिल बंसल, लायन गोविन्द गोयल सहित बड़ी संख्या में लायंस सदस्य उपस्थित रहे।

**करवा चौथ व्रत आज**

## महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए रखेंगी व्रत, चौथ माता मंदिर में करेंगी पूजा अर्चना

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** उपखंड क्षेत्र के सकट कस्बे के प्राचीन चौथ माता मंदिर में शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं का महापर्व करवा चौथ व्रत श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जाएगा। चौथ माता मंदिर के पुजारी मुकेश पाराशर ने बताया कि करवा चौथ व्रत को लेकर चौथ माता मंदिर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने करवा चौथ का इतिहास और महत्व बताते हुए कहा कि करवा चौथ व्रत हिंदू धर्म में बहुत ही खास महत्व रखता है। करवा चौथ का व्रत सुहागन महिलाओ के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। करवा चौथ का व्रत विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए रखती है। करवा चौथ व्रत हर वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन रखा जाता है। इस दिन महिलाएं सुबह सूर्योदय से पहले करवा चौथ का व्रत रखती है और रात में चंद्रमा का पूजन करने के बाद व्रत को तोड़ती है।



### करवा चौथ व्रत का धार्मिक और पौराणिक महत्व

करवा चौथ व्रत का धार्मिक संस्कृति के अनुसार पौराणिक महत्व भी है। महिलाओं के द्वारा इस व्रत को रखने से पति-पत्नी के रिश्ते में मजबूती बढ़ती है। करवा चौथ व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए रखती है। करवा चौथ व्रत को प्राचीन काल से रखा जाता रहा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार ये व्रत सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए रखा था। ऐसा माना जाता है कि करवा चौथ के दिन चंद्रमा की पूजा करने का विशेष महत्व है क्योंकि इस दिन चंद्रमा की पूजा करने से घर परिवार में सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है?। ये व्रत सबसे कठिन व्रतो में से एक माना जाता है। करवा चौथ व्रत पर सकट चौथ माता मंदिर मे माता की पूजा अर्चना करने के लिए कस्बा सहित आस पास के दर्जनों गांवो के अलावा दूरदराज क्षेत्रों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। और सकट गांव में इस दिन सुबह से शाम तक मेले जैसा नजारा दिखाई देता है।

### चौथ माता मंदिर का इतिहास

अरावली पर्वत मालाओं की गोद में बसे अलवर जिले के सकट गांव में बना चौथ माता का मंदिर जन-जन की आस्था का केंद्र बना हुआ है। कहते हैं कि इस मंदिर के निर्माण के बाद सैकड़ों वर्ष पूर्व इस गांव की स्थापना हुई थी। सकट चौथ माता के मंदिर पर हर वर्ष वैशाख माह की चतुर्थी पर माता का दो दिवसीय वार्षिक मेला भरता है। मेले में दिल्ली जयपुर हरियाणा उत्तर प्रदेश व दौसा अलवर सहित आसपास के गांवों से श्रद्धालु माता के दर्शन करने के लिए आते हैं और अपने परिवार की सुख समृद्धि की मन्नत मांगते हैं। वैसे तो इस मंदिर में वर्ष भर प्रति दिन दर्शनों के लिए श्रद्धालु ओ का आना जाना लगा रहता है। लेकिन चौथ माता मंदिर पर साल में आने वाली बड़ी चार चौथ जनवरी महा की तिलकुटा चौथ, भादवा की बड़ी चौथ, करवा चौथ मुख्य है। वही वैशाख माह की बड़ी चौथ पर माता के मंदिर पर माता का दो दिवसीय विशाल मेला भरता है। मेले के मौके पर यहां माता का रात्रि जागरण, नौटंकी व कुश्ती दंगल का कार्यक्रम आयोजित होता है। मेले की संपूर्ण व्यवस्था ग्राम पंचायत सकट व मेला कमेटी द्वारा सभाली जाती है।

### मंदिर से जुड़ी परंपराएं

चौथ माता मंदिर से जुड़ी परंपराओं के संदर्भ में ग्रामीणों ने बताया कि चौथ माता को कुंवारी कन्या का रूप माना जाता है। इसलिए सकट सहित आस-पास के गांवों में शादी के समय यहां की कन्याओं को सात की जगह 4 फिरे दिए जाते हैं। बाकी 3 फेरे माता के नाम से रख लिए जाते हैं। यहां कोई भी व्यक्ति चौथ माता मंदिर पर बने शिखर से ज्यादा ऊंचाई का मकान निर्माण नहीं करता है।

स्थानीय लोगों ने गुणवत्ता की शिकायत की तो समेट लिया मटेरियल

# मनमर्जी से मुख्य मार्गों पर बनाए जा रहे है स्पीड ब्रेकर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** मानसून बाद कोटा प्रशासन द्वारा सडक़ों का हाल, ठीक-ठाक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है।

शहरी सेवा शिविरों में लोगों से आपत्ति सडक़ों नालियों सीवरेज आदि के बारे में जानकारियां लेकर तत्काल प्रभाव से ठीक कराया जा रहा है। लेकिन कार्य करने वाले ठेकेदार आज भी पुराने ढर्रे पर कायम है। नदी पार क्षेत्र संजोग रिज़ॉर्ट, जीमार्ट के सामने चित्तौड़ रोड पर बिना अनुमति के स्पीड ब्रेकर बनाये जा रहे है।

पहले तो स्पीड ब्रेकर को बनाने के लिए काफी सारा गिट्टी का ढेर बना दिया गया, जिसमें तारकोल केवल नाम मात्र का था। बरसात होने के बाद गिट्टी साफ निकल आई यही नहीं, सडक़ पर एकाएक डाले गए स्पीड ब्रेकर के रूप में गिट्टी के घेरे से वाहन चालकों को भी परेशानी हुई कई दुपहिया वाहन चालक गिरकर पड़ गए तो वही भारी वाहनों के टायरों से उछलकर जटिया राहगीरो पर गोली की तरह छूटने लगी। गिट्टी के ढेर के रूप में बनाए गए स्पीड ब्रेकर मुख्य सडक़ों पर खतरे का कारण बन गयी। उपयुक्त कंपाउंड के बिना पूरी सडक़ पर गिट्टी ही गिट्टी हो जाने से आम जन को भी चोट होने का खतरा उत्पन्न हो गया।

## 2 दिन बाद फिर से समेट दिए स्पीड ब्रेकर

इसकी चर्चा होने पर अगले ही दिन ठेकेदार ने स्पीड ब्रेकर के रूप में डाला गया मटेरियल समेट कर एक तरफ पटक दिया। अब स्थानीय लोगों में सवाल है कि इस तरह मुख्य मार्ग पर हर 70/80 फीट पर स्पीड ब्रेकरों को बनाने का क्या औचित्य था।





**मरम्मत के लिये सरकारी धन का दुरूपयोग**

मरम्मत घटिया मटेरियल से की जा रही जिसकी गिट्टी पानी के गिरते ही सडक़ पर निकल कर आ गई। ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट ही कर देना चाहिए सडक़े शहर के लोगों की जीवन रेखा है इन्हें सही तरीके से निर्माण और रख रखाव होना ही चाहिए।

**राजू सोनी,** अध्यक्ष पी ए एच सोसायटी

**ठेकेदारों की होती है चांदी**

जब भी सडक़ों के मरम्मत की बात आती है तो ठेकेदारों की चांदी हो जाती है। घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, संबंधित एजेंसी को गुणवत्ता का ध्यान रखना चाहिए।

**नितिन नांता,** सामाजिक कार्यकर्ता

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से नहीं हो कोई समझौताः ऊर्जा मंत्री नागर




बढ़ता राजस्थान

**कोटा/सांगोद (विनोद गौड़)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि निर्माण से जुड़े विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न करें। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ के तहत स्वीकृत स्कूल, आंगनबाड़ी भवनों व सडक़ों की मरम्मत में गुणवत्तापूर्ण कार्य हों तथा अधिकारियों द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जाए।

श्री नागर ने निर्देश दिए कि ठेकेदारों के भरोसे निर्माण कार्य नहीं छोड़े जाएं, अधिकारी मौके पर जाकर गुणवत्ता जांचें। कार्यों की फोटो-वीडियो रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही या घटिया कार्य पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। ऊर्जा मंत्री ने किसानों को अतिवृष्टि से नष्ट फसलों का उचित मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही अनुपयोगी सरकारी भवनों की सूची बनाकर उन्हें स्कूल या आंगनबाड़ी संचालन के लिए उपयोग में लाने को कहा। बैठक में जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

## आबिद कागजी बने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के नेशनल कोऑर्डिनेटर

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर/कोटा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने राजस्थान के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आबिद कागजी को नई जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग का नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। साथ ही उन्हें मध्य प्रदेश राज्य का इंचार्ज बनाया गया है।

आबिद कागजी कांग्रेस संगठन में जिला स्तर से लेकर प्रदेश और अब राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने राजस्थान में विभाग को नई ऊर्जा और सशक्त संगठनात्मक ढांचा प्रदान किया। उनकी सक्रियता, संगठनात्मक कौशल और जनसंपर्क क्षमता को देखते हुए कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें मध्य प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्य की जिम्मेदारी सौंपी है। आबिद कागजी की इस नियुक्ति से राजस्थानभर के कांग्रेसजनों और अल्पसंख्यक वर्ग के कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। जगह-जगह मिठाइयां बांटकर कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

## राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल के खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त करवाया



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के गंगधार तहसील क्षेत्र के गांव पीपल्दा में आज राजस्व टीम गंगधार द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल के खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त करवा कर हल्का पटवारी ने मौका रिपोर्ट तहसीलदार गणेश खंगार गंगधार को सौंपी। ग्राम पीपल्दा में तहसीलदार गणेश खंगार के निर्देश पर हल्का पटवारी ,संस्था प्रधान पप्पूलाल मीणा ,ग्राम पंचायत प्रशासक विजय सिंह की उपस्थिति में मय पुलिस जाप्ता के साथ आसपास के खातेदारों की उपस्थिति में पीपल्दा की आराजी खसरा नंबर 822/594 रकबा 1.0116 किस्म खेल मैदान की भूमि की पैमाईश कर सीमाज्ञान करवाया गया,उक्त भूमि को ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गई जे सी बी मशीन से ग्राम वासियों के सहयोग से खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त करवा कर मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक पप्पूलाल मीणा को खेल मैदान सुपर्द किया।

# समन्वित प्रयासों से मने सुरक्षित और स्वच्छ दीपावली-जिला कलक्टर

### अधिकारियों, व्यापारिक संगठन प्रतिनिधियों के साथ ली बैठक

बढ़ता राजस्थान




**कोटा,(का.स.)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने आह्वान किया है कि यह दिवाली उल्लासपूर्ण, सुरक्षित और स्वच्छ मने, इसके लिए सभी के समन्वित प्रयास अपेक्षित हैं। उन्होंने केडीए एवं नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि रखरखाव, स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण कार्य युद्ध स्तर पर किए जाएं। प्रमुख रास्तों, चौराहों और सार्वजनिक संपत्तियों को निखारा जाए। इन पर विद्रूपण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलक्टर ने गुरुवार को विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने शहर में सफाई व्यवस्था में सामने आई खामियों की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया और निर्देश दिए कि सफाई, कचरा उठाव, नाले-नालियों की सफाई इत्यादि कार्य सघन तौर पर किए जाएं और इनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि प्रायः कचरा गाड़ी देर से आती है और तब तक बाजार में चहल-पहल शुरु हो जाती है। कचरा गाडियों को सुबह जल्दी कचरा संग्रहण के लिए भेजा जाए। आवश्यकतानुसार उनके राउंड भी बनाए जाएं। कचरा गाडियों की भी सफाई और सर्विस कराई जाए। सार्वजनिक संपत्तियों के डिफेसमेंट को गंभीरता से लेते हुए ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही की जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि दीपावली से पूर्व सभी स्ट्रीट लाइट दुरुस्त कराई जाए और आवश्यकतानुसार लगाई जाएं। विद्युत रखरखाव एवं सुरक्षा इंतजामों के प्रति अलर्ट रहें। आग की घटनाओं के त्वरित उपचार की व्यवस्थाएं भी अस्पतालों में सुनिश्चित की जाएं। साज-सज्जा के दौरान सभी सावधानियां बरतें। व्यापारिक प्रतिष्ठान आकर्षक साज-सज्जा करें और सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाएं। ट्रैफिक मैनेजमेंट में भी व्यापारिक संगठन खास भूमिका निभाएं।

दुकानों के सामान बाहर रखकर रास्ते संकरे नहीं किए जाएं जिससे आमजन को परेशानी आए। एडीएम प्रशासन वीरेन्द्र सिंह यादव ने मेडिकल कॉलेज एवं अन्य अस्पतालों में बर्निंग के उपचार की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। एडीएम सिटी अनिल कुमार सिंघल ने कानून व्यवस्था के दृष्टिगत व्यापारिक प्रतिनिधियों से सहयोग की अपेक्षा की। एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला ने खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में केडीए सचिव मुकेश चौधरी, निगम आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा एवं उपायुक्त जवाहर जैन ने उनके स्तर पर अब तक किए गए रखरखाव एवं सुधार कार्यों की जानकारी दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने अग्निजनित दुर्घटनाओं की रोकथाम के सुझाव और विभागीय स्तर पर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी। एसएसआई के अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल एवं अन्य व्यापारिक प्रतिनिधियों ने स्वच्छ एवं सुरक्षित दीपावली मनाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

## दीप प्रज्वलन के साथ सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** ग्राम पंचायत स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का ग्राम बालारडा में गुरुवार को दीप प्रज्वलन के साथ भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष दिनेशचन्द्र पाराशर,पं. स. कपासन नेता प्रतिपक्ष शम्भूलाल जाट,महामंत्री कैलाश सुखवाल लांगच एवं सरपंच उदेराम जाट आदि अतिथियों द्वारा शुभारंभ किया गया।साथ ही कार्यक्रम को संबोधित कर वक्ताओं द्वारा खिलाड़ी वर्ग से खेल को खेल भावना के साथ खेलने हेतु प्रेरित किया गया।सांसद खेल महोत्सव के संयोजक रतनलाल कच्छावा ने बताया कि बालारड़ा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में कब्बडी,वॉलीबॉल एवं रस्साकस्सी खेलकूद प्रतियोगिताओ का आयोजन हो रहा है।इस कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री कमलेश बंजारा, शंकरलाल गाडरी,किशनलाल जाट,रामेश्वरलाल जाट, रतनलाल पूर्बिया,सोहनलाल कच्छावा,बद्रीलाल गाडरी,राजू गाडरी,मादुलाल गाडरी,मानसिंह सिसोदिया आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

इधर संस्था प्रधान सुभाषचंद्र नंदवाना ने बताया कि यहां आयोजित सांसद खेल महोत्सव में पंचायत समिति कपासन क्षेत्र के अरनिया,काछिया खेड़ी, खातिया खेड़ी,रेनका खेड़ा एवं बालारड़ा की टीम के खिलाडियों ने भाग लिया।साथ ही उक्त प्रतियोगिता की विजेता टीम ब्लॉक स्तरीय महोत्सव में भाग लेंगी। इस अवसर पर पीईईओ,विद्यालयों के संस्था प्रधान, टीम प्रभारी,निर्णायक शिक्षक-शिक्षिका एवं पूर्व शारीरिक शिक्षक नारायणलाल जाट उपस्थित रहे। शुभारंभ कार्यक्रम का संचालन सुखलाल चौधरी एवं धर्मचन्द कीर द्वारा किया गया।

# व्यापार संघ प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला व्यापार संघ प्रतिनिधि मंडल ने ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम विकास शिविर में तहसीलदार को ज्ञापन देकर कस्बे में साफ सफाई करवाने सहित अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया।

व्यापार संघ प्रतिनिधि मंडल ने अपने ज्ञापन में लिखा कि सफाई कर्मचारियों को दो माह का वेतन नहीं मिलने के कारण सफाई कर्मचारियों ने सोमवार से हड़ताल कर रखी है जिस कारण बाजार व गलियों में गंदगी ही गंदगी हो रही है जगह जगह कचरे के ढेर लग रहे है,नालियों से बदबू आ रही है तथा मच्छर पैदा हो रहे जिससे बीमारियां फैलने का भय बना हुआ है वहीं दीपावली का त्यौहार भी आ रहा है,समाधान करवाकर बाजार में सफाई करवाई जावे।साथ ही ज्ञापन में लिखा दीपावली का त्यौहार को देखते हुए शाम के समय विद्युत आपूर्ति सुचारू रखी जावे ताकि व्यापार व्यवसाय प्रभावित नहीं हो,बाजार में इन दिनों अपराधी प्रवृति के लोग सक्रिय है जो दुकानों से बड़ी सफाई से सामान चोरी कर रहे है ,अपराधियों पर रोक लगाया जावे कस्बे में पुलिस जाप्ता तैनात किया जावे। इस अवसर पर किराना व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पिछोलिया,रेडिमेड व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेंद्र कालरा,इलेक्ट्रॉनिक व्यापार संघ अध्यक्ष किशोर गुप्ता,मोबाइल व्यापार संघ अध्यक्ष किशोर विश्वकर्मा,ऑटो मोबाइल संघ अध्यक्ष विमल कटारिया, हाड़वेयर व्यापार संघ अध्यक्ष मकसूद अली बोहरा,फूट वेयर व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश तिवारी,होटल व्यवसाय संघ अध्यक्ष राजेश जैन,कपड़ा व्यवसाय संघ से राजेश जैन सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# वांगचुक की रिहाई, किसानों को मुआवजा और जे.के. मजदूरों का वेतन भुगतान की मांग

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** सोनम वांगचुक को जोधपुर जेल से रिहा करने, बारिश से नष्ट फसलों का मुआवजा दिलाने तथा जे.के. मजदूरों का बकाया वेतन दीपावली से पूर्व दिलवाने की मांग को लेकर सीटू संगठन और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं, मजदूरों व कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

नेतृत्व माकपा जिला सचिव कॉ. हबीब खान, सीटू जिला महामंत्री कॉ. उमाशंकर तथा सीटू राज्य कमेटी सदस्य कॉ. मुरारीलाल बैरवा ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से सोनम वांगचुक की रिहाई के आदेश तथा मुख्यमंत्री से किसानों के मुआवजे हेतु ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपे। कॉ. हबीब खान व अन्य वक्ताओं ने कहा कि सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है। भाजपा सरकार लद्दाख की जनता की आकांक्षाओं को कुचल रही है। उन्होंने वांगचुक की तत्काल रिहाई, आंदोलनरत लोगों पर लगे मामले वापिस लेने और लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग की। सीटू मीडिया प्रभारी मुरारीलाल बैरवा ने बताया कि जे.के. मजदूरों का वेतन भुगतान लंबित रहने पर आज भी उनका धरना 234 वें दिन जारी रहा।

जल सेवा करना, मनावीयता और धर्म दोनों का संगम

# दशहरे मेले में अग्रवाल समाज ने किया प्याऊ का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (श्याम गौड़)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान सेवा समिति कोटा संभाग के तत्वावधान में गुरुवार को समिति अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल की अगवाई में दशहरे मेले में अग्रवाल समाज ने जल सेवा प्याऊ का शुभारंभ किया गया। यह जानकारी संरक्षक संजय गोयल ने दी।

गोयल ने बताया कि यह सेवा मेले में आने वाले आम लोगों के लिए शाम 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक सतत रूप से जारी रहेगी। समिति का यह प्रयास समाज में मानवता, सहयोग और सेवाभाव का प्रेरक संदेश लोगों तक पहुंचे। सेवा का अर्थ केवल दान नहींहै बल्कि अपने समय और भावना को समाज के लिए समर्पित करना है। दशहरा मेला जैसे जनसमूह वाले आयोजनों में जल सेवा करना, मनावीयता और धर्म दोनों का संगम है।

समिति अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि समिति का यह प्रयास न केवल सामाजिक सरोकारों से जुडा हुआ है, बल्कि यह आगामी पीढी के लिए प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत करता है कि सेवा ही श्रेष्ठ धर्म है। उन्होंने आगे बताया कि यह सेवा दशहरे मेले में गेट नम्बर 16 परसुराम प्रवेश द्वार के पास दुकान नम्बर 384 पर स्थित है।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर समिति अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल, संजय गोयल, प्रमोद अग्रवाल, पी.पी.गुप्ता, योगेन्द्र गुप्ता, नवीन अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, किरण अग्रवाल, भावना अग्रवाल, कमल मित्तल, रूपा अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने दशहरा मेले में सघन जांच की, कोटा में मावा, घी और तेल की जांच



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.स.)।** राजस्थान सरकार के शुद्ध आहार अभियान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा डॉ. टी. शुभमंगला और जिला कलक्टर पीयूष समारिया के निर्देशन में डॉ. नरेन्द्र नागर की टीम ने दशहरा मेले और शहर के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में दिल्ली से आई बसों से 320 किलो मावा जब्त किया गया और 12 नमूने लिए गए। बारा रोड स्थित फर्म से 1275 लीटर घी सीज किया गया। दशहरा मेले में 30 लीटर यूज्ड तेल नष्ट किया गया।

टीम ने विक्रेताओं को फूड लाइसेंस, साफ-सफाई और कच्चा माल बिल का पालन करने के निर्देश दिए। सभी नमूनों की जांच कोटा प्रयोगशाला में होगी, रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।




## एबीवीपी की आमेट इकाई की नई कार्यकारिणी घोषित, देवेन्द्र सिंह बने अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागौरा)।** आमेट में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महाविद्यालय इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा गुरुवार को की गई। यह बैठक तुलसी विहार कॉलोनी स्थित भवन में आयोजित हुई, जिसमें नगर मंत्री स्नेहा वैष्णव ने नवीन पदाधिकारियों के नामों का ऐलान किया। घोषित कार्यकारिणी में देवेन्द्र सिंह को इकाई अध्यक्ष, लक्ष्मण सिंह को इकाई सचिव और किशन गुर्जर को इकाई उपाध्यक्ष बनाया गया है।

इसके अतिरिक्त, जयेश त्रिवेदी को एसएफडी संयोजक और सोनू सालवी को सह-संयोजक नियुक्त किया गया। राधे रेगर एसएफएस संयोजक और चेतन सिंह सह-संयोजक का पद संभालेंगे।बैठक के प्रथम सत्र में भाग संयोजक कार्तिकेय बटवाल ने संगठन के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को संगठन के महत्व और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। अंतिम सत्र में, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अजय सिंह चुंडावत ने नई कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को संगठन के प्रति ऊर्जावान होकर कार्य करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## आरजीएचएस और दीपावली उपहार में सुधार की मांग

# पेंशनर्स ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर कादरी)।** सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सेवानिवृत राज्य कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर जोरदार प्रदर्शन किया। समिति के संरक्षक राधेश्याम गहलोत के नेतृत्व में सैकड़ों पेंशनर्स ने नारेबाजी करते हुए जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दीपावली पर बोनस के समान उपहार राशि स्वीकृत करने के साथ ही राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) की खामियों को दूर करने की मांग की गई है।

समिति के अध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि राज्य के साढ़े चार लाख से अधिक पेंशनर्स ने लंबे समय से सेवाएं देकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। ऐसे में कर्मचारियों को प्रतिवर्ष दीपावली पर दिए जाने वाले बोनस की तर्ज पर पेंशनर्स को भी पावन पर्व पर नकद उपहार राशि प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि यह मांग लंबे समय से लंबित है और सरकार से तत्काल स्वीकृति की अपेक्षा है।

**आरजीएचएस की व्यवस्था पर गंभीर आरोप :** ज्ञापन में



आरजीएचएस की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिशंकर रैगर और रामसिंह रावत ने बताया कि डिस्पेंसरी में चिकित्सकों द्वारा आरजीएचएस के तहत दवाओं का परामर्श न देने से पेंशनर्स को भारी परेशानी हो रही है। रामगंज डिस्पेंसरी में पिछले 8-10 माह से चिकित्सक की नियुक्ति न होने से मरीजों को भटकना पड़ रहा है। इसी प्रकार, पुलिस लाइन और रामगंज के पास संचालित सहकारी उपभोक्ता भंडार को बंद कर दिया गया है, जिसे तत्काल पुनः चालू करने की मांग की गई।उन्होंने कहा कि अनेक डिस्पेंसरी में ऑनलाइन पर्ची की सुविधा उपलब्ध न होने के बावजूद इसकी अनिवार्यता से पेंशनर्स परेशान हैं। चिकित्सकों के आवास पर उपचार के लिए ऑनलाइन पर्ची की बाध्यता को समाप्त कर पूर्व की व्यवस्था बहाल की जाए। निजी चिकित्सालयों में पेंशनर्स के लिए न्यूनतम दर पर कॉटेज वार्ड की सुविधा7 उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, पेंशनर्स की भांति सेवारत कर्मचारियों के लिए भी आउटडोर उपचार पर व्यय की सीमा निर्धारित की जाए, ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सके।

रैगर ने आरोप लगाया कि आरजीएचएस अप्रूव्ड निजी मेडिकल स्टोर्स को समय पर भुगतान न होने और अनावश्यक कटौतियों के कारण कई संचालकों ने दवाएं देना बंद कर दिया है। इससे गंभीर बीमारियों से ग्रस्त पेंशनर्स को असहजता झेलनी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार योजना का प्रभावी संचालन नहीं कर पा रही, तो इसे पूरी तरह बंद करने पर विचार किया जाए, क्योंकि वर्तमान में इसका पूरा लाभ पेंशनर्स को नहीं मिल रहा। भाजपा सरकार पर आरजीएचएस के दायरे को बढ़ाने के बजाय सुविधाओं में कटौती करने का आरोप लगाते हुए नाराजगी व्यक्त की गई।

## विज्ञान मेले में 46 किशोर वैज्ञानिकों ने अपने विज्ञान मॉडलों का किया प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**डीग (नीरज जैन)।** अक्तूबर।महात्मा गांधी राजकीय माध्यमिक विद्यालय डीग में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान मेले की द्वितीय दिवस पर सीनियर वर्ग के 46 प्रतियोगियों द्वारा अपने विज्ञान माडल प्रदर्शित किए गए। प्रधानाचार्य नीरज कुमार शर्मा ने बताया कि मेले की थीम स्टेम फॉर विकसित और आत्मनिर्भर भारत है। मेला प्रभारी उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्य छैल बिहारी शर्मा के मार्गदर्शन में गुरुवार को क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता के मौखिक अभिव्यक्ति के चार चरण विशिष्ट, दीर्घ, दृश्य श्रव्य एवं त्वरित चक्र आयोजित किए गए। जिसमें प्रतियोगी कीर्तिका शर्मा , रिया एवम लव दीक्षित फाइनल राउंड में पहुंचने में सफल रहे। प्रधानाचार्य भगवान दास के मार्ग दर्शन में आयोजित सीनियर मॉडल प्रदर्शन प्रतियोगिता में 46 प्रतियोगियों ने अपने द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन किया ।जिसमें वाल वैज्ञानिकों द्वारा सतत कृषि हरित, उभरती प्रौद्योगिकी ,जल संरक्षण एवं प्रबंधन , मनोरंजक गणितीय मॉडल ,अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प आदि से संबंधित प्रादर्शों का प्रदर्शन किया गया।

### जवाहर नगर में शहरी सेवा शिविर : खर्रा ने पट्टे बांट

# सरकार आमजन को लाभान्वित करने कृत संकल्पित : यूडीएच मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय्)।** स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं का निराकरण कर पात्रजनों को योजनाओं का लाभ दिलाने कृत संकल्पित है। सेवा शिविरों के माध्यम से घर बैठे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आमजन को विशेष छूट देते हुए समस्याओं निराकरण कर राहत प्रदान की जा रही है।

स्वायत्त शासन मंत्री गुरूवार को शहरी सेवा शिविर के तहत जवाहर नगर स्थित अम्बेड़कर सामुदायिक भवन में आयोजित समारोह में आमजन को आवासीय पट्टे एवं विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्रों का वितरण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में आमजन को त्वरित लाभ देते हुए समस्याओं का समयबद्ध निराकरण किया जा रहा है। प्रदेश विकाशील से विकसित राजस्थान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन को मूलभूत सुविधाओं की समस्या निराकरण एवं विभिन्न



योजनाओं में पात्रता के आधार पर लाभ प्रदान करते हुए घर बैठे राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पारदर्शिता रखते हुए सभी आवेदनों को ऑनलाईन किया गया है जिससे आमजन ई-मित्र अथवा अपने स्मार्टफोन के माध्यम से भी घर बैठे आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान मूलभूत सुविधाओं से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण कर बिजली, पानी, रोशनी एवं सफाई सम्बन्धित कार्य भी वार्डों में जाकर किये जा रहे है।

स्वायत्त शासन मंत्री ने कहा कि सेवा शिविरों में कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित नही रहेंगा, आवश्यकता पड़े पर 17 अक्टूबर के बाद प्राप्त आवेदनो ऑनलाईन करते हुए सम्बन्धित निकायों को समयबद्धता के साथ निराकरण के निर्देश दिये जाऐगे। उन्होंने कहा कि दीपावली पूर्व प्रदेश भर में सभी निकायों में रोशनी एवं सफाई व्यवस्था विशेष रूप से करने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने पट्टा प्राप्त करने वाले एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वस्थ्य एवं स्वच्छ प्रदेश के निर्माण में सक्रियता से भागीदारी निभाते हुए अपने आपस-पास गंदगी नहीं होने दे। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान में भागीदार बनने का आव्हान किया।

जिला कलक्टर कमर चौधरी कहा कि सेवा शिविरों में किसी भी पात्र व्यक्ति को निराश नहीं होने दिया जाएगा। पात्रता के आधार पर पारदर्शिता से लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आश्वास्त किया कि सरकार की मंशा के अनुरूप शिविरों में जनसमस्याओं को मौके पर निराकरण कर आमजन को राहत दी जाएगी।

## एक मुश्त समाधान योजना के तहत 30 तक ब्याज एवं पेनल्टी छूट

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राज्य सरकार के बजट घोषणा 2025-26 के तहत प्रदेश में पहली बार राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी नि लि से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी वर्ग, दिव्यांगजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग द्वारा 31 मार्च 2025 तक वितरित किये गये ऋणों पर राहत प्रदान करते हुए अतिदेय मूलधन देय राशि 30 अक्टूबर तक जमा कराये जाने पर अतिदेय ब्याज एवं शास्ति, पेनल्टी की राशि की शत प्रतिशत छूट दी जायेगी। परियोजना प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि जिले के ऐसे ऋणी जिन्होने अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास निगम अनुजा निगम कार्यालय से स्वरोजगार हेतु ऋण लिया है ऐसे समस्त बकायादार ऋणी एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठा सकते है। उन्होंने बताया कि इस योजना का प्रथम चरण 1 मई से 30 अक्टूबर तक लागू रहेगा जिसमें एकमुश्त भुगतान करने पर साधारण ब्याज एवं दंडनीय ब्याज शास्ति माफ किया जायेगा। इसके द्वितीय चरण के तहत 1 नवंबर से 31 दिसम्बर तक केवल दण्डनीय ब्याज शास्ति माफ किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में बेटियों के विवाह पर मिलेगी सहायता राशि

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे शहर चलो अभियान एवं ग्रामीण सेवा शिविर 2025 में विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना जिसके अन्तर्गत अनाथ बच्चियों, बीपीएल, स्टेटबीपीएल, अन्त्योदय एवं आस्था कार्डधारी परिवार की बच्चियों, विधवा महिलाओं की बच्चियों, पालनहार योजना का लाभ प्राप्त करने वाली बच्चियों, उत्कृष्ट महिला खिलाड़ियों को विवाह पर कन्या की शैक्षणिक योग्यता अनुसार सहायता राशि 21 हजार से 51 हजार रुपये प्रदान की जा रही है। लाभार्थी निर्धारित दस्तावेजों के साथ आवेदन ऑनलाईन ईमित्र के माध्यम से कर सकते है।

जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने बताया कि अजा, अजजा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के बीपीएल परिवारों की 18 वर्ष या इससे अधिक आयु की कन्याओं के विवाह पर 31 हजार रुपये अनुदान राशि तथा 10वीं पास कन्या पर 10 हजार एवं स्नातक पास कन्या पर 20 हजार प्रोत्साहन राशि देय होगी। उन्होंने बताया कि शेष सभी वर्गो के बीपीएल परिवारों, अंत्योदय परिवार, आर्थिक दृष्टि से कमजोर विधवा महिलओं, विशेष योग्यजन व्यक्तियों की कन्याओं, पालनहार योजना में लाभान्वित कन्याओं एवं स्वयं महिला खिलाड़ी के विवाह पर 21 हजार रुपये अनुदान राशि तथा 10वीं पास कन्या पर 10 हजार रुपये एवं स्नातक पास कन्या पर 20 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देय होगी।

### पात्रता की शर्तें

विभाग की योजनान्तर्गत दस्तावेजों की पूर्ति करवाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि आवेदक राजस्थान का मूलनिवासी हो, आवेदक के पास वर-वधु दोनों का जनाधार, आधार हो, आवेदन माता-पिता के नाम से किया जाए, अनाथ कैटेगरी में स्वयं के नाम से किया जाएगा। आवेदक के पास जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण, बैंक खाता पासबुक, शपथ पत्र अनिवार्य होना चाहिए। आवेदक के पास विवाह प्रमाण पत्र, वर-वधू के शैक्षणिक योग्यता की अंकतालिका होना आवष्यक है। आवेदक के पास बीपीएल राशन कार्ड, बीपीएल प्रमाणपत्र होना आवश्यक होना चाहिए।

## एडीजे रेखा यादव ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने जिला कारागृह का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लिनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एसओपी में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर इत्यादि का जायजा लिया तथा कारागृह में निरुद्ध बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिये।

इस मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा दीपक सिंह सिकरवार, जेल अधीक्षक सुमन कुमारी मीणा सहित कारागृह का स्टाफ एवं बंदी मौजूद रहे।

## सीतावाली बगीची हौद में हुआ शहरी सेवा शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चल रहे "शहरी सेवा शिविर अभियान – 2025" के तहत नगर पालिका बाड़ी द्वारा शहर के सीतावाली बगीची हौद क्षेत्र में बुधवार एवं गुरुवार को दो दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया।

बाड़ी शिविर में आमजन की नगरीय सेवाओं से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर का संचालन अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल के निर्देशन में किया गया। जिन्होंने शिविर के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई।शिविर में राजस्व, विद्युत, जलदाय, चिकित्सा, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग तथा बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी



दी और पात्र लाभार्थियों के आवेदन स्वीकार किए।शिविर के दौरान नगर पालिका द्वारा निम्न कार्य प्रमुखता से किए गए –सम्पूर्ण क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाकर सड़कों एवं नालियों की सफाई की गई।स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत एवं नई लाइटें लगाई गईं।पेयजल पाइप लाइन लीकेज की मरम्मत कराई गई।टूटे फरो कवर और ब्लैक स्पॉट की मरम्मत कर सड़कों को सुचारु बनाया गया।पीएम स्वनिधि, लाडली बहना, आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## करवा चौथ पर रही बाजार में रौनक

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागौरा)।** जिला मुख्यालय पर करवा चौथ की तैयारियों के चलते बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सुहागिनें अपने पतियों की लंबी उम्र के लिए रखे जाने वाले इस पर्व की खरीदारी में जुटी हैं। कार्तिक मास कृष्ण पक्ष चतुर्थी को रविवार, 20 अक्टूबर को मनाए जाने वाले इस पर्व के लिए बाजारों में महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है।बाजारों में रंग-बिरंगी चूड़ियों, श्रृंगार सामग्री और साड़ियों की दुकानों पर विशेष रूप से भीड़ उमड़ रही है। महिलाएं पर्व के लिए आवश्यक सभी वस्तुओं की जमकर खरीदारी कर रही हैं।करवा चौथ के दिन सुहागिनें पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को वे नए वस्त्र पहनकर विशेष श्रृंगार करती हैं और शिव-पार्वती, कार्तिकेय सहित अन्य देवताओं तथा चंद्रमा की पूजा करती हैं।

# नमकीन फैक्ट्री से 7 ड्रमो में जब्त कए 1100 किलो सोयाबीन तेल एवं नमकीन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय्)।** दीपावली त्यौहार पर चलाए जा रहे शुद्ध मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत के आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के आदेश एवं जिला कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर के निर्देशन मैं 9/ अक्टूबर /25 को नदबई खेड़ली रोड स्थित नमकीन बनाने के कारखाने ललित इंटरप्राइजेज पर नमकीन बनाने में उपयोग होने वाले तेल रिफाइंड सोयाबीन तेल जो की लगभग 1100 किलो पांच प्लास्टिक के ड्राम मैं रखा हुआ था जिसमें मिलावट का संदेह होने पर उक्त सोयाबीन तेल में से एक नमूना वास्ते जांच लिया जाकर शेष तेल को जांच रिपोर्ट आने तक मौके पर ही सील किया गया। इसके साथ ही उक्त और बताओ तेल से बनी हुई लगभग 1000 किलो नमकीन



को भी मौके पर ही सील किया गया एवं कुम्हेर रोड स्थित अमित ऑयल मिल का निरीक्षण कर एक नमूना सरसों तेल का लिया एवं मिल मलिक को सफाई एवं पैकिंग के संबंध में निर्देश दिए जाकर इंप्रूवमेंट नोटिस दिया गया नमूना जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाए गए हैं। आगे की कार्यवाही नमूने का जांच परिणाम प्राप्त होने के पश्चात की जाएगी इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा एवं रूप सिंह मौजूद रहे दीपावली त्यौहार को देखते हुए आने वाले दिनों में भी निरीक्षण एवं नमूनीकरण हेतु अभियान जारी रहेगा।

## अन्तरमहाविद्यालय जूडो टूर्नामेंट का आयोजन, डीग, भरतपुर व धौलपुर के खिलाड़ियों ने हुआ मुकाबला



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( यतेन्द्र पाण्डेय्)।** टैक्नोलॉजी पार्क स्थित श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज के तत्वाधान में अन्तर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन सचिव एडवोकेट अलभ्य शर्मा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें भरतपुर, डीग व धौलपुर के महाविद्यालयों के प्रतियोगियों ने भाग लिया।

टैक्नोलॉजी पार्क के आयोजन सचिव एडवोकेट अलभ्य शर्मा ने बताया कि महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालयी जूडो प्रतियोगिता में भरतपुर, डीग व धौलपुर के महाविद्यालयों के पुरूष व महिला प्रतियोगियों ने विभिन्न बजन वर्ग में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता से पूर्व खिलाडियों को कूपर टेस्ट के अर्न्तगत 1600 मीटर की दौड करवाई गई। प्रतियोगिताओं में महिला वर्ग में 48, 52, 57, 63, 70 व 78 किलोग्राम में क्रमशः जया चौधरी, हिमांशी, सलौनी बोहरा, नौरत्न कुमारी, अनु चौधरी, रोहिनी कुमारी व हिमानी ने व पुरूष वर्ग में 60, 66, 73, 81, 90, 100 किलोग्राम में क्रमशः सुजल देव, अभिषेक फौजदार, कन्हैया, अमित कुमार, कृष्णा, मोहित कुमार व श्यामवीर सिंह ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए योग्यता हासिल की।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में पंच गौरव की समीक्षा बैठक

# नीम के औषधीय गुणों के बारे में आमजन को जागरूक करने पर जोर

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागौरा)।** जिला स्तरीय पंच गौरव समिति की द्वितीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन गुरुवार को जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

बैठक में समिति के सदस्य सचिव एवं उप निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग डॉ. पीयूष कुमार भंडारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राजसमंद जिले को पंच गौरव कार्यक्रम के तहत चयनित पाँच गौरवों जैसे-वनस्पति प्रजाति नीम, खेल हॉकी, उपज सीताफल, उत्पाद ग्रेनाइट एवं मार्बल, तथा पर्यटन स्थल कुंभलगढ़ हेतु बजट जारी किया गया है।

इन पांचों गौरवों के प्रचार-प्रसार के लिए जिले को कुल 25 लाख रुपये (प्रति गौरव 5 लाख रुपए) की राशि स्वीकृत की गई है। बैठक में पंच गौरव कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन, बजट उपयोगिता एवं आगामी कार्ययोजना पर विभिन्न विभागाध्यक्षों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिला कलक्टर एवं समिति अध्यक्ष अरुण कुमार हसीजा द्वारा दिशा-निर्देश प्रदान



किए गए। नीम के औषधीय गुणों एवं बहुपयोगी लाभों के बारे में आमजन को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा जिले में अधिकाधिक नीम पौधों के वितरण एवं रोपण के लिए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को निर्देशित किया गया।कुंभलगढ़ दुर्ग की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत की जानकारी पर्यटकों तक सहजता से पहुँचाने के लिए क्यूआर कोड आधारित निशुल्क मोबाइल ऑडियो गाइड प्रणाली विकसित करने तथा टिकट बुकिंग केंद्र के पास पर्यटक सहायता कियोस्क स्थापित करने के निर्देश पर्यटन विभाग एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को दिए गए।

जिले के हॉकी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से संवाद कार्यक्रम आयोजित करने, जिले में छिपी खेल प्रतिभाओं की पहचान व उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आईपीएल तर्ज पर जिला स्तरीय हॉकी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता आयोजित करने तथा विजेताओं को पुरस्कृत करने के निर्देश खेल एवं युवा मामलात विभाग को प्रदान किए गए।

साथ ही हॉकी खिलाड़ियों को दक्ष प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण दिलवाने के भी निर्देश दिए गए।सीताफल के रखरखाव, भंडारण एवं प्रोसेसिंग तकनीक की जानकारी किसानों को देने हेतु सीताफल एक्सीलेंसी सेंटर, चित्तौड़गढ़ का भ्रमण करवाने तथा सीताफल के व्यावसायिक लाभों के प्रचार-प्रसार एवं विज्ञापन के लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को निर्देश दिए गए।

जिले में ग्रेनाइट एवं मार्बल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हाट बाजार एवं म्यूजियम विकसित करने तथा शहर के प्रमुख स्थलों पर कलात्मक मूर्तियों (स्कल्पचर) की स्थापना के निर्देश दिए गए।बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं पंच गौरव समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार आगामी अवधि में पंच गौरव कार्यक्रम के कार्यान्वयन को और अधिक प्रभावी बनाने की रूपरेखा तय की गई।

## कपासन की ग्रा.पं. भादसोड़ा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** पंचायत समिति कपासन क्षैत्र की ग्राम पंचायत भादसोड़ा में सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (तालाब परिसर) में खेल प्रतियोगिता का भाजपा जिला महामंत्री रघु शर्मा, श्रवण सिंह राव, जिला परिषद सदस्य कैलाश जाट,पंचायत समिति सदस्य गोविंद सोनी, ग्राम पंचायत प्रशासक डॉ. शम्भू सुथार,सांसद खेल महोत्सव संयोजक राधेश्याम आचार्य, सूर्यप्रताप सिंह गुढ़ा,महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा,रमेश चण्डालिया,जगदीश तेली,रूपेश तुसावड़ा,विमल अग्रवाल,हरीश तलेसरा,इंद्रदत्त शर्मा,युवा समाजसेवक राधे सुथार,दीपक जोशी,नुतन औझा,कैलाश जाट, उदयलाल सेन,धर्मेंद्र जायसवाल,लोकेश टेलर आदि गणमान्यजनों की उपस्थित एवं में पीईईओ सतीश कुमार दाधीच की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन अध्यापक गंगाराम खटीक ने किया।

युवा सामाजिक कार्यकर्ता राधे सुथार खिलाडियों ने बताया कि सांसद महोत्सव 2025 में खिलाड़ी वर्ग द्वारा विभिन्न आयोजित हो रही विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया जा रहा है।यहां रस्सा-कस्सी,कबड्डी एवं वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिताओं मे प्रतिभागियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।

## हिन्दुस्तान जिंक द्वारा पुठोली एवं सुवानिया में सीएसआर के तहत विकास कार्यों का लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** सामुदायिक विकास के प्रति हिन्दुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता अनुकरणीय हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और इन्फ्रास्ट्रकचर के लिये किये गये कार्यो से क्षेत्र में सराहनीय योगदान मिला है। यह बात बेगूं विधायक डॉ सुरेश धाकड़ ने हिन्दुस्तान जिंक द्वारा कराये गये कार्यों के लोकार्पण के दौरान कही।कार्यक्रम में हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा सीएसआर के तहत् पुठोली पंचायत में शमशान भूमि पर टीनशेड़, मुंगा का खेड़ा में सीसी रोड़ का तथा सुवानिया ग्राम पंचायत के भवानीपुरा विद्यालय नवीनीकरण, सामुदायिक भवन, शमशान में टीन शेड, प्रार्थना शेड, मेड़ीखेड़ा में सीसी रोड़, डेट गांव में सामुदायिक भवन मय चारदिवारी, शमशान टीन शेड और सुवानिया गावं सामुदायिक भवन, सीसी रोड़, सोलर लाईट, शमशान टीन शेड व स्कूल में प्रार्थना शेड का उद्घाटन किया गया। कंपनी के सीएसआर कार्यक्रमों के तहत शुरु की गयी इन सामाजिक विकास की योजनाओं का उद्देश्य स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। उद्घाटन समारोह में बेंगू विधायक डॉ सुरेश धाकड, पूर्व जिला प्रमुख भैरुसिंह चैहान, देवीसिंह राणावत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## बसपा सं. काशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्रीय विधानसभा के मंडपिया सांवरियाजी में गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम के 19वें परिनिर्वाण दिवस पर माला एवं पुष्प सहित श्रद्धासुमन के साथ श्रद्धांजलि दी गयी। बसपा जिला प्रभारी बालू नायक मोखमपुरा ने बताया कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के इतिहास को जीवंत रखते हुवे जन-जन पहुंचाने के महत्ते कार्य में काशीराम का विशेष सहयोग रहा।बामसेफ डीएस 4 का गठन कर बहुजन समाज पार्टी बनाई तथा उत्तरप्रदेश में कानून का राज स्थापित किया।

बहुजन को हुक्माराम बनने का अवसर मिला साथ ही वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा नहीं चलेगा का नारा दिया गया। इस कार्यक्रम में आरव नायक,सद्दाम हुसैन,बंशी सरगरा,अनिल कुमार नायक,राजू नायक,विजय सिंह राव,महिला विंग पूजा नायक,आराध्या नायक आदि बहुजन समाज पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सोने की तरह तपकर निखरता है खिलाड़ी, जन्म से कोई श्रेष्ठ नही होता:आक्या



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** सोना आग में तपकर कुंदन बनता है तथा उसमें निखार आता है, उसी प्रकार व्यक्ति अपनी लगन, मेहनत व सतत प्रयासों से ही एक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बन पाता है। खेल हमें शारीरिक रूप से मजबूती प्रदान करते है तथा इससे नेतृत्व गुण का विकास होता है। विधायक चंद्रभानसिंह आक्या गुरूवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धीरजी का खेड़ा के खेल मैदान में आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खिलाडियो व ग्रामीणो को सम्बोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा संयोजक कृष्णपाल सिंह चुण्डावत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक रायका, भदेसर मण्डल अध्यक्ष राजकुमार सुखवाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष पवन आचार्य, सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश खटीक, जीएसएस अध्यक्ष मंगलसिंह, पूर्व सरपंच बगदीराम रायका, हीरालाल रायका मंचासीन थे। निर्णायक महेश आचार्य ने बताया की सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबाल, कबडड़ी के साथ महिला वर्ग की रस्साकशी प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खिलाडियो ने शामिल होकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इससे पूर्व विधायक आक्या ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर व खिलाडियो को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाते हुए प्रतियोगिता आरम्भ की घोषणा की।

इस अवसर पर प्राचार्य चेतराम, भेरूलाल गाडरी, लक्ष्मण सिंह, पप्पु सिंह, रतन जाट, शंकर जाट, भेरूलाल जाट, कन्हैयालाल तुसावड़ा, सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी ग्रामवासी उपस्थित थे।

**बूंदी पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

# 4.85 करोड़ रुपए की साइबर ठगी के अंतर्राज्यीय रैकेट का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले की साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतर्राज्यीय साइबर ठगी के रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग और इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी के करंट खाते से 4 करोड़ 85 लाख के अवैध लेन-देन हुए हैं।

### अंतर्राज्यीय ठगों पर कसा शिकंजा

पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा और उपाधीक्षक पुलिस (साइबर क्राइम) ओमप्रकाश के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। साइबर क्राइम थाना टीम ने 6 अक्टूबर 2025 को दर्ज गंभीर साइबर फ्रॉड के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे में मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम जितेन्द्र वैष्णव पुत्र पुरूषोत्तम (आयु 24 वर्ष), निवासी बाहरली, बूंदी बताया गया है।

साइबर ठगों का यह अंतर्राज्यीय गिरोह भोले-भाले लोगों को बहला-फुसलाकर उनके नाम से बैंक खाते और सिम कार्ड प्राप्त करता था। इन खातों का उपयोग पूरे देश में ऑनलाइन गेमिंग और इन्वेस्टमेंट में मुनाफे का लालच देकर की गई करोड़ों रुपये की साइबर ठगी के अवैध लेन-देन के लिए किया जाता था।

### देशभर में फैला था ठगी का जाल

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इस गिरोह ने राजस्थान सहित 14 राज्यों नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, बृहन मुंबई, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, गुजरात, उड़ीसा, तमिलनाडु और झारखंड के सैकड़ों लोगों को निशाना बनाया। इन राज्यों से करीब 4.85 करोड़ की साइबर ठगी कर इन पैसों को विभिन्न बैंक खातों में अवैध रूप से ट्रांसफर किया गया।

### टीम को मिली सराहना

इस कार्रवाई में साइबर क्राइम थाना बूंदी की टीम मुकेन्द्रपाल सिंह (स.उ.नि.), भोजेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, रामप्रताप, गोकुल और राहुलशामिल रहे।

### पुलिस की आमजन से अपील

पुलिस अधीक्षक बूंदी ने आमजन से अपील की है कि साइबर ठग आजकल नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को झांसे में ले रहे हैं। किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिए गए लालच या प्रलोभन में न आएं और किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी साइबर क्राइम पुलिस या हेल्पलाइन 1930 पर दें।

## स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति में तेजी लाएं चिकित्सक: सीएमएचओ डॉ. शर्मा

### समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को सीएमएचओ कक्ष में जिला स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य शिविरों, डाटा फीडिंग प्रगति सहित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के संबंध में गहन चर्चा कर सुधार करने के आवश्यक दिशा-निर्देश चिकित्सा अधिकारियों को दिये गये। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार का सर्वोच्च लक्ष्य है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य अनुसार कार्य की प्रगति में त्वरित सुधार करें और डाटा फीडिंग में हो रही देरी को अविलंब समाप्त करें। बैठक में अति. सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर, डीटीओ डॉ. प्रदीप कटारिया सहित जिले के समस्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सीएमएचओ कार्यालय के विभिन्न अनुभाग अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सीएमएचओ ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, सिलिकोसिस पीडितों का चिन्हांकन, एनसीडी स्क्रीनिंग, यूडीआईडी कार्ड जारी करने, कफ सिरप से संबंधित नई गाइडलाइन की क्रियान्विति, और मौसमी बीमारियों-डेंगू, मलेरिया, स्क्रब टाइफस की रोकथाम पर विशेष जोर दिया।

## देवरिया में जनसेवा संगम : एसीईओ ने ग्रामीण सेवा शिविरों की प्रगति का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान




**(अनिल सिखवाल)।** ब्यावर जिले की जैतारण उपखंड की ग्राम पंचायत देवरिया में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ने जनकल्याण की मिसाल पेश की। पंचायत समिति जैतारण में आयोजित इस शिविर का निरीक्षण एसीईओ श्री गोपाल लाल ने किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए कैंप काउंटरों का अवलोकन कर योजनाओं की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। गोपाल लाल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुँचाना है। इस अवसर पर विभागवार काउंटरों पर ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए अनेक कार्य संपादित किए गए-शिविर में 72 ग्रामीणों को पट्टा पार्सल वितरण, 100 महिलाओं का बीमा पंजीकरण, पोषण किट वितरण, ई-केवाईसी एवं पेंशन वेरीफिकेशन, तथा पाँच शुद्धिकरण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए।

निरीक्षण के दौरान एसीईओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शिता के साथ पहुँचाया जाए, ताकि ग्रामीण सेवा शिविरों का उद्देश्य पूर्ण रूप से सफल हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे शिविरों से उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ एक ही स्थान पर, बिना किसी परेशानी के मिल रहे हैं, जिससे शासन की जनकल्याणकारी मंशा साकार हो रही है।

## दिनेश पहाड़िया बने जिला उपाध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण माँगरिया की सहमति से बिहारी लाल सोलंकी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष की अनुशंसा पर जगदीश मीणा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिनेश चंद्र पहाडिया को जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद जिला चित्तौडग़ढ़ के पद पर नियुक्त करने पर अनुसूचित जाति जनजाति स्टेशन रोड स्थित कार्यालय निंबाहेड़ा पर बिहारी लाल सोलंकी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रामचंद्र बामनिया प्रदेश महासचिव शांतिलाल लडन्ना पूर्व पार्षद सचिव संपत लाल राठौर प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस राजेश सोलंकी मनोहर सिंह घनश्याम अमन खान आदि द्वारा दिनेश चंद्र पहाडिया को मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर को ऊपरना पहनाकर सम्मान कर नियुक्ति पत्र दिया।

## सांसद खेल महोत्सव 2025 का कपासन के राजकीय विद्यालय पांडोली स्टेशन में शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** सांसद खेल महोत्सव 2025 का गुरूवार को क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाण्डोली स्टेशन परिसर में समारोहपूर्वक शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत पाण्डोली स्टेशन उपसरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण खण्डेलवाल ने बताया कि आयोजित सांसद खेल महोत्सव में कबड्?डी,वालीबॉल, रस्साकस्सी सहित कुल 12 टीमों ने भाग लिया।इस मौके पर अतिथि रूप में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर, नेता प्रतिपक्ष पंचायत समिति कपासन शंभुलाल जाट,भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री कैलाश सुखवाल,काशीराम सेशमा वालीबॉल कोच,पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी जगदीशचन्द्र सुथार आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में स्थानीय राजकीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। साथ ही दिनेशचन्द्र पाराशर एवं शंभूलाल जाट द्वारा संयुक्त सहयोग से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाण्डोली स्टेशन में पेयजल सुविधा हेतु ट्यूबवेल मय मोटर पम्प सेट लगाने की घोषणा की गयी।यहां कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शांतिलाल दाधीच ने तथा अंत में आभार प्रधानाचार्य जगदीशचन्द्र सुथार द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक कैलाश कोदली, लेलापत संचेती,कालूराम जाट,युवा नेता ललित खण्डेलवाल,भेरूलाल सेशमा,दिनेश खण्डेलवाल, पुखराज जैन,पिंटू सुखवाल,रामेश्वर रांका, पारसमल मादरेचा,हीरालाल भील आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

**जिले के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान मेले में दिखाया नवाचार का जज्बा**

# भविष्य के वैज्ञानिकों के मॉडल देख रोमांचित हुए दर्शक, क्विज प्रतियोगिता में हितेश मोटवानी रहे अव्वल

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर जिला स्तरीय विज्ञान मेले के दूसरे दिन छात्रों में विज्ञान के प्रति उत्साह चरम पर नजर आया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपने नवाचार और प्रयोगों से भविष्य के विज्ञान की झलक प्रस्तुत की।

क्विज प्रतियोगिता का फाइनल राउंड क्विज नियंत्रक प्रधानाचार्य श्रीमती नीता व्यास, सीताराम प्रजापति, सपना त्रिपाठी, कीर्ति माला अग्रवाल, शिवानी जैन एवं शशिकांत शुक्ला के निर्देशन में संपन्न हुआ।कुल 28 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय, विजयनगर (ब्यावर) के हितेश मोटवानी ने प्राप्त किया, जो अब जिले का प्रतिनिधित्व राज्य स्तरीय विज्ञान मेले में करेंगे। द्वितीय स्थान प्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल, सरमालिया के विनय सिंह को तथा तृतीय स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, आसरलाई (जैतारण) के प्रतीम को मिला।विज्ञान मेले के संयोजक रोहित जैन ने बताया कि मॉडल निरीक्षण एवं मूल्यांकन हेतु वरिष्ठ शिक्षाविदों- लालचंद हेड़ा, संदीप देवल, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, निधि चौहान, अटल बिहारी दाधीच, दुष्यंत पारीक और सतपाल सिंह- को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में श्रेष्ठ मॉडलों का चयन किया। मेले में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपने प्रभारी शिक्षकों के साथ पहुंचकर मॉडल्स का बारीकी से अवलोकन किया और भविष्य के वैज्ञानिकों की रचनात्मकता की सराहना की।इस अवसर पर विनीता बंसल, कीर्ति माला अग्रवाल, महेश शर्मा, महेंद्र सांखला, निरंजन देव मिश्रा, अर्जुन सिंह केन, नरेश कुमार, मनीष शर्मा, हर्षित पारीक, सौरभ धाभाई, मुकेश प्रजापति, केवलचंद, मनोज कुमार, लक्ष्मण राम, संगीत लालवानी, महेंद्र पाल वर्मा, मीतू मिश्रा, विशाखा गौड़, ज्योति शर्मा, शर्मिला जैन, मोनिका सांखला, पिंकी कुमावत, इंदिरा नंद सिंह चौहान, प्रियंका गोयल, अंजू जोरम, सपना त्रिपाठी एवं आशा चौहान सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश प्रजापति ने किया।

## DGCA ने इंडिगो पर लगाया 20 लाख का जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** नागर विमानन नियामक डीजीसीए ने पायलट प्रशिक्षण में कथित खामियों के लिए इंडिगो पर 20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कंपनी इस फैसले को चुनौती देने की योजना बना रही है। इंडिगो ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे 26 सितंबर को नागर विमानन महानिदेशालय से जुर्माने के संबंध में नोटिस मिला है। कंपनी के अनुसार, 20 लाख रुपए का जुर्माना श्रेणी सी हवाई अड्डों पर पायलट प्रशिक्षण के लिए योग्य 'सिमुलेटर' का उपयोग करने में कथित विफलता के लिए लगाया गया है।

## अखिल भारतीय जनसंघ को चुनाव चिह्न आवंटित करे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि अखिल भारतीय जनसंघ को एक समान चुनाव चिह्न आवंटित करे ताकि वह आगामी बिहार चुनाव लड़ सके। न्यायाधीश मिनी पुष्करणा ने अखिल भारतीय जनसंघ को चुनाव चिह्न के लिए चुनाव आयोग का रुख करने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा, याचिकाकर्ता को बिहार राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तत्काल एक समान चुनाव चिह्न आवंटित किया जाए।

## खान विभाग ने अब तक 4404 करोड़ रुपए का राजस्व वसूला

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर में खान एवं भूविज्ञान विभाग ने बुधवार तक 4404 करोड़ 98 लाख रुपए का सर्वकालिक सबसे अधिक राजस्व राजकीय कोष में जमा किया है। यह राजस्व पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि से 60 करोड़ रुपए अधिक है और इससे पूर्व के वर्षों की तुलना में लगभग 100 करोड़ रुपए ज्यादा है। खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने बताया कि माइनिंग सेक्टर में राजस्व संग्रहण की गति तेज हुई है और अधिकारियों को राजस्व वसूली पर और भी अधिक ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पुरानी व नई बकाया राशि के सभी स्रोतों का बेहतर दोहन किया जाएगा।

## नीतीश रिमोट कंट्रोल से संचालित CM: कांग्रेस

बढ़ता राजस्थान

पटना। कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ 42 पन्नों का एक विस्तृत 'आरोपपत्र' जारी करते हुए गुरुवार को दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 20 साल के शासन ने राज्य को "विनाश" की ओर धकेल दिया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नीतीश 'रिमोट कंट्रोल से संचालित मुख्यमंत्री' हैं और उन्होंने बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर ठोस प्रयास नहीं किए। '20 साल विनाश काल' शीर्षक वाली एक पुस्तिका जारी की।

# हिमाचल में पहली बार अक्टूबर में बर्फ देख सकेंगे टूरिस्ट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिमाचल में टूरिस्ट इस बार अक्टूबर में भी बर्फ देख सकेंगे। आमतौर पर बर्फबारी के लिए दिसंबर जनवरी का इंतजार करना पड़ता है। मगर इस बार अर्ली स्नोफॉल से न केवल टूरिस्ट, बल्कि हिमाचल के पर्यटन कारोबारियों को भी अच्छे कारोबार की आस बंध गई है। राज्य के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी टूरिस्ट से हिमाचल आने की अपील की है। टूरिस्टों के लिए भी अच्छी बात यह है कि कमरों की बुकिंग पर प्राइवेट होटलों में 20 से 50 प्रतिशत तक डिस्काउंट दिया जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया- इससे पहले 11 अक्टूबर 2018 को केलांग में अर्ली स्नोफॉल 6 सेंटीमीटर रिकॉर्ड किया गया था। मगर इस बार 6 अक्टूबर को ही करीब एक फीट बर्फबारी हुई है। यह आज तक का सबसे अर्ली स्नोफॉल है। अटल टनल रोहतांगः अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पर 4 से 5 सेंटीमीटर ताजा स्नोफॉल हुआ है। यहां पर टूरिस्ट अगले तीन से चार दिन तक बर्फ देख सकेंगे। अटल टनल पहुंचने के लिए पहले मनाली पहुंचना जरूरी है।टूरिस्ट कीरतपुर-मनाली फोरलेन से मनाली पहुंच सकते हैं। मनाली से अटल टनल की दूरी लगभग 25 किलोमीटर है। मनाली से अटल टनल पहुंचने में लगभग सवा घंटे का वक्त लग जाता है।



# आमजन देखेंगे आर्मी के शौर्य और बलिदान की गाथा - मुख्यमंत्री



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आगामी 15 जनवरी को भारतीय थल सेना द्वारा जयपुर में आर्मी-डे परेड का आयोजन किया जाएगा। इस सम्पूर्ण आयोजन के माध्यम से आमजन को भारतीय थल सेना के शौर्य और बलिदान के गौरवशाली इतिहास को जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि आर्मी-डे परेड का आयोजन भव्य और व्यापक रूप से किया जाएगा।

शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आर्मी-डे परेड की तैयारियों को लेकर भारतीय थल सेना एवं राज्य सरकार के उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह परेड भारतीय थल सेना और उसके वीर सैनिकों के पराक्रम और वीरता को प्रदर्शित करेगी। प्रशासन और अधिकारी इस आयोजन से संबंधित सभी तैयारियों को समय से पूर्ण करने के लिए सैन्य अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने जयपुर जिला कलक्टर को जगतपुरा के महल रोड पर आर्मी-डे परेड से संबंधित सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परेड में शामिल होने वाले विशिष्ट गणमान्य, सैन्य अधिकारी और शहीदों के परिजनों के लिए जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों। उन्होंने पुलिस आयुक्त, जयपुर को परेड स्थल पर पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था के उचित प्रबंधन के लिए भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परेड और इससे संबंधित अन्य आयोजनों को देखकर विशेष रूप से युवाओं में देश भक्ति की भावना और अधिक प्रबल होगी।

थल सेना की दक्षिण पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने बैठक में बताया कि 8 से 15 जनवरी तक उपकरण प्रदर्शन होगा। साथ ही, 15 जनवरी को ही आर्मी-डे परेड एवं सवाई मानसिंह स्टेडियम में शौर्य संध्या कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सांस्कृतिक विविधता और शौर्य गाथा से संबंधित ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी 7 दिसम्बर को जेएलएन मार्ग पर ऑनर रन का भी आयोजन होगा। बैठक में मुख्यमंत्री को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आर्मी-डे परेड की तैयारियों को लेकर जानकारी दी गई। इस दौरान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित भारतीय थल सेना एवं राज्य सरकार के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## कोल्ड्रिफ कफ सिरप कंपनी का मालिक रंगनाथन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** देश को हिला देने वाले कोल्ड्रिफ कफ सिरप कांड में आखिरकार बड़ा एक्शन हुआ है। तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के मालिक रंगनाथन को पुलिस ने चेन्नई से गिरफ्तार कर लिया है। यह वही कंपनी है, जिसके सिरप से मध्य प्रदेश और राजस्थान में कम से कम 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। जांच में सिरप में जहरीले औद्योगिक रसायन डाइएथिलीन ग्लाइकॉल की भारी मात्रा पाई गई थी। अधिकारियों के मुताबिक, रंगनाथन को ट्रांजिट रिमांड के बाद छिंदवाड़ा लाया जाएगा, जहां सबसे ज्यादा मौतें दर्ज हुई हैं। गिरफ्तारी के बाद रंगनाथन से पूछताछ की जा रही है। इस मामले को लेकर पहले ही पुलिस ने श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी के फरार मालिकों पर 20,000 रुपये इनाम घोषित किया था। साथ ही, विशेष एसआईटी टीम का गठन भी किया गया था, जिसका नतीजा अब सामने आया है। वहीं, तमिलनाडु सरकार ने खांसी के सिरप में मिलावट के मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में दो वरिष्ठ औषधि निरीक्षकों को निलंबित कर दिया है।

जम्मू कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की उच्च स्तरीय समीक्षा

# घुसपैठ के लिए बर्फबारी का फायदा न उठा पाएं आतंकी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि आतंकवादी सीमा पार से घुसपैठ के लिए बर्फबारी का फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं, ऐसे में जम्मू-कश्मीर में कड़ी निगरानी रखी जाए। शाह ने उनकी अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में जम्मू कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई। गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों को यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार रहना चाहिए कि आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में सीमा पार घुसपैठ के लिए बर्फबारी का फायदा न उठा सकें। गृहमंत्री शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर ट्वीट में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम जम्मू-कश्मीर में आतंकी समर्थक तंत्र की कमर तोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गृह मंत्री ने लिखा, हमारे सुरक्षा बलों के लिए क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरे में डालने के किसी भी प्रयास को कुचलने की पूरी स्वतंत्रता बनी रहेगी। पीएम मोदी के आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सतर्कता व तालमेल को और बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंन कहा कि सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी नेटवर्क लगभग पंगु हो गया है।

# एफएसएल रिपोर्ट में खुलासा शॉर्ट सर्किट व धुएं से हुई मौतें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में 5 अक्टूबर को हुए भीषण अग्निकांड की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि आग की वजह सैकंड फ्लोर के स्टोर रूम में इलेक्ट्रिक स्विच में शॉर्ट सर्किट था। इस हादसे में प्लास्टिक और सिंथेटिक सामग्री के जलने से निकला जहरीला धुआं आईसीयू तक पहुंचा, जिससे मरीजों की दम घुटने से मौत हो गई। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से जले हुए इलेक्ट्रिक स्विच, कॉपर वायरिंग और पिघले हुए एसी जब्त किए। धुएं का पैटर्न ऊपर से नीचे की ओर था, जिससे आग छत की ओर तेजी से फैली। राहत की बात यह रही कि स्टोर रूम में रखी सर्जिकल स्प्रिट की 9 बोतलें सुरक्षित रहीं, वरना हादसा और भयावह हो सकता था। एफएसएल निदेशक अजय शर्मा ने बताया कि पांच सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने दो दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी है। टीम ने एक दिन घटनास्थल का निरीक्षण किया और अगले दिन रिपोर्ट तैयार की। पुलिस ने एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर जांच तेज कर दी है।






बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने राष्ट्र स्तरीय पर्यावरण जागरूकता एवं ट्रेकिंग शिविर के समापन समारोह में की शिरकत

# सेवा ही धर्म की भावना को चरितार्थ करने में स्काउट गाइड महती भूमिका - वन राज्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने आज नजर बगीची में आयोजित राष्ट्र स्तरीय पर्यावरण जागरूकता एवं ट्रेकिंग शिविर के समापन समारोह में शिरकत कर आमजन से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण कर करने की अपील की। उन्होंने शिविर में सहयोग करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।




वन राज्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सेवा ही धर्म की भावना को बढाने के उद्देश्य से स्थापित भारत स्काउट गाइड बच्चों के चरित्र निर्माण व देश भक्ति की भावना विकसित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में आपदा की स्थिति में स्काउट गाइड के स्वयंसेवक अपने नारे 'सदैव तत्पर-तैयार रहो' को चरितार्थ करते हुए आपदा प्रबंधन में आगे बढकर महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या से जूझ रहे है, जिसके दृष्टिगत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड मां के नाम' अभियान शुरू किया है, जो जन-जन का अभियान बनकर उभरा है। इसी अभियान से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में प्रारम्भ किए गए हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विगत वर्ष साढे सात करोड पौधे लगाकर माई भारत पोर्टल पर मय फोटो अपलोड किए तथा इस वर्ष 10 करोड पौधे लगाने के लक्ष्य को अर्जित करते हुए प्रदेश में साढे ग्यारह करोड पौधे लगाकर हरियालो राजस्थान ऐप पर मय फोटो अपलोड किए गए हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण कर उनका संरक्षण भी करें। उन्होंने नजर बगीची स्थित भारत स्काउट गाइड कार्यालय में मंच को कवर कराने एवं बैठने की व्यवस्था के लिए 10 लाख रूपये विधायक निधि कोष से देने की घोषणा की। साथ ही परिसर में पर्यावरण अनुकूल हट बनवाने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भारत स्काउट गाइड के निदेशक श्री राजकुमार कौशिक ने भारत स्काउट गाइड के गठन, इसकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से अवगत कराया। ट्रेकिंग शिविर प्रभारी भारत स्काउट गाइड के उप निदेशक श्री अनलेन्द्र शर्मा ने शिविर के दौरान पर्यावरण संरक्षण के विषय पर की गई ट्रेकिंग के अनुभवों के बारे में अवगत कराया। कर्नाटक से आए रोवर श्री सुभाष ने अलवर जिले में ट्रेकिंग शिविर व आउटिंग के अनुभव शेयर करते हुए बताया कि अलवर जिला प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के स्थलों से समृद्ध है। यहां की साझा संस्कृति अपनापन लिए हुए हैं। भारत स्काउट गाइड की जिला सचिव श्रीमती विजय लक्ष्मी वर्मा ने बताया कि केंद्रीय वन मंत्रा श्री भूपेन्द्र यादव ने भारत स्काउट गाइड के रोवर के ट्रांसपोर्टेशन के लिए 2 लाख रूपये उपलब्ध कराने पर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।